संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 20 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 251 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# संसद में 'नारी शक्ति...'

## महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश, कानून बनने के बाद महिला सांसदों की संख्या 181 होगी, लेकिन यह 2024 में लागू नहीं होगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई** संसद में पहले दिन लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक, 2023 यानी महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया। विधेयक को पेश किए जाने से पूर्व ही प्रधानमंत्री ने सभी दलों से आग्रह किया कि वे विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने में सहयोग दें। विधेयक को केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने पेश किया। यह संविधान का 128वां संशोधन विधेयक होगा। इसके तहत संविधान के अनुच्छेद 330ए, 332, 334ए में बदलाव किया जाएगा। विधेयक के पारित होने पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्ष दिया जाएगा। मेघवाल ने कहा कि विधेयक के अधिनियम बनने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या न्यूनतम 181 हो जाएगी। वर्तमान में लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को पहले भी लाने का प्रयास किया गया लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर महिला आरक्षण विधेयक लाया गया है। विधेयक में संविधान संशोधन के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, लोकसभा और राज्य विधानसभा में आरक्षण संबंधित प्रावधानों में बदलाव किया जाएगा। साथ ही इसे 15 साल के लिए लाया जाएगा जिसका समय आगे बढ़ाया जा सकता है। विधेयक को पुरःस्थापित करते समय विपक्षी सांसदों की ओर से विधेयक की प्रति प्राप्त नहीं होने का मुद्दा उठाया गया। अध्यक्ष ने सदस्यों से अपने डिजिटल मोनिटर में विधेयक की प्रति देखने को कहा। वहीं संसदीय कार्य राज्यमंत्री ने कहा कि संशोधित कार्यसूची भी सभी सदस्यों को भेज दी गई थी। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद ने राज्य सभा में महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया। वहीं विपक्षी सदस्यों ने विधेयक पेश करने से जुड़ी प्रक्रिया ठीक से नहीं उठाने के मुद्दे पर शोर-शराबा किया। विधेयक को ध्वनिमत से पेश करने की अनुमति दी गई लेकिन विपक्ष की ओर से इसके पक्ष में अवाज नहीं उठाई गई। विधेयक पेश करने के बाद सदन की कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

8 विधेयक के अधिनियम बनने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या न्यूनतम 181 हो जाएगी: कानून मंत्री




8 विधेयक को पेश किए जाने से पूर्व ही प्रधानमंत्री ने सभी दलों से आग्रह किया कि वे विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने में सहयोग दें

## कानून बनने के बाद क्या-क्या बदल जाएगा

लोकसभा में महिलाओं की संख्या 181 हो जाएगी
महिला आरक्षण की अवधि 15 साल की होगी
एससी/एसटी के लिए तय सीटों में 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होगी
भारतीय राजनीति में बड़ी तादाद में महिलाओं की एंट्री होगी

**कांग्रेस ने इस बिल पर क्या कहा?**
**बता** दें कि इस बिल को लेकर लोकसभा में विपक्षी नेता और कांग्रेस के सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि महिला आरक्षण बिल अभी भी अस्तित्व में हैं। इसे राजीव गांधी, नरसिम्हाराव और मनमोहन सिंह की सरकार में भी पेश किया गया था। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिल अब अस्तित्व में नहीं है। नेता प्रतिपक्ष के बयान को रिकार्ड से हटाया जाए। बता दें कि नेता प्रतिपक्ष के इस बयान पर लोकसभा में जमकर हंगामा मचा।

## लोकसभा में 181 हो जाएगी महिला सांसदों की संख्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नए** संसद भवन में पहले दिन की कार्यवाही में महिला आरक्षण बिल को लेकर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में महिला आरक्षण बिल की पुरजोर वकालत की। पीएम मोदी के भाषण के बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को लोकसभा में पेश किया। बिल पेश करते हुए उन्होंने कहा कि इस बिल को दोनों सदनों से पारित किए जाने और कानून बनने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 181 हो जाएगी। लोकसभा में फिलहाल 82 महिला सांसद हैं। कानून बनने के बाद निचले सदन और राज्य के विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित हो जाएगी।

**कानून मंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना:** अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले जानबूझकर बिल को पास नहीं किया गया। महिला आरक्षण की अवधि 15 साल की होगी।

## शाह ने महिला आरक्षण विधेयक पर पीएम मोदी की दिल खोलकर की प्रशंसा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिल खोलकर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं को अधिकार दिलाने के साथ-साथ उनका सम्मान बढ़ाने का भी काम किया, इसलिए इस विधेयक का नाम भी नारी शक्ति वंदन विधेयक रखा गया है। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने शास्त्रों में वर्णित 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' को चरितार्थ करते हुए भारतीय संस्कृति एवं देश के लोकतंत्र का मान बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि आज नए संसद भवन के लोकसभा कक्ष में नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने दिखा दिया कि महिलाओं सशक्तिकरण एनडीए सरकार के लिए स्लोगन नहीं है बल्कि इस सरकार का यह संकल्प है। मैं इस ऐतिहासिक अवसर पर करोड़ों देशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री को अंतर्मन से बधाई देता हूं और सभी बहनों और माताओं की तरफ से उनका आभार भी व्यक्त करता हूं।

## 'देश के विकास के लिए मिलकर करना होगा काम'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश के विकास के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। खड़गे ने मंगलवार को संसद के सेंट्रल हॉल में सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास के लिए हमें पार्टी लाइन से हटकर काम करने की जरूरत है। तभी देश का विकास संभव है। खड़गे ने कहा कि यह सेंट्रल हॉल कई ऐतिहासिक क्षणों का गवाह रहा है। यह स्थान संविधान सभा की बैठकों के साथ पंडित नेहरू के संबोधन का साक्षी रहा है। यह सेंट्रल हॉल भारत की संसद की समृद्ध



विरासत का गवाह है। इसी हॉल में संविधान सभा की बैठक 1946 से 1949 तक हुई थी। खड़गे ने कहा कि वह आज के मौके पर विनम्रतापूर्वक डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल और बीआर अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए उन्हें प्रणाम करते हैं। उल्लेखनीय है कि आज से संसद की कार्यवाही नये भवन में शुरू होगी। इस मौके पर सत्ता पक्ष व विपक्ष के सांसद सेंट्रल हाल में एकत्र हुए। इस मौके पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सांसदों के सामने अपने विचार रखे।

**देशहित सर्वोपरि**

8 विनम्रतापूर्वक डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित नेहरू, वल्लभभाई पटेल और अंबेडकर के योगदान को याद करते हैं

## 'पुराने संसद भवन को 'संविधान सदन' के रूप में जाना जाए'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज हम यहां से विदाई लेकर संसद के नए भवन में जा रहे हैं लेकिन हमें पुराने भवन की भी प्रतिष्ठा बरकरार रखनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पुराने संसद भवन को संविधान सदन के रूप में जाना जाए। प्रधानमंत्री मंगलवार को विशेष सत्र के दौरान संसद को नई इमारत में शिफ्ट करने से पहले सेंट्रल हॉल में सांसदों को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि आज नए संसद भवन में हम सब मिलकर नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के संकल्प और दृढ़ संकल्प के साथ नए संसद भवन की ओर बढ़ रहे हैं। पुराने संसद भवन को संविधान सदन के नाम से पुकारे जाने का सुझाव देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, इस भवन को पुरानी संसद कहकर नहीं छोड़ना चाहिए। मैं उपराष्ट्रपति महोदय और स्पीकर महोदय से प्रार्थना करूंगा कि भविष्य में इसे संविधान सदन के रूप में जाना जाए। उन्होंने कहा कि आज नए संसद भवन में हम सब मिलकर, नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। आज हम यहां विकसित भारत का संकल्प दोहराने, संकल्पबद्ध होने और उसको परिपूर्ण करने के लिए जी-जान से जुटने के इरादे से नए भवन की तरफ प्रस्थान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सवाल किया कि क्या छोटे कैनवास पर बड़ी पेंटिंग बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि अपनी सोच का दायरा बढ़ाए बिना हम अपने सपनों का भव्य भारत नहीं बना सकते। प्रधानमंत्री ने भारत की भव्य विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि अगर हमारी सोच इस भव्य विरासत से जुड़ जाए तो हम उस भव्य भारत की तस्वीर बना सकते हैं। मोदी ने कहा, भारत को बड़े कैनवास पर काम करना होगा। अब समय छोटी-छोटी बातों में उलझने का नहीं है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रधानता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शुरूआती आशंकाओं को खारिज करते हुए दुनिया भारत के आत्मनिर्भर मॉडल की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि रक्षा, विनिर्माण, ऊर्जा और खाद्य तेल के क्षेत्र में कौन आत्मनिर्भर नहीं बनना चाहेगा और इस तलाश में दलगत राजनीति बाधा नहीं बननी चाहिए। संसद भवन और सेंट्रल हॉल की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने इसके प्रेरक इतिहास पर प्रकाश डाला।

**सफाई पेश की**

### उनके बयान का मतलब उकसाना नहीं, बल्कि निज्जर की हत्या पर भारत से सहयोग मांगना था।

## 12 घंटे के अंदर ही भारत के सामने झुका कनाडा, पेश की सफाई

**टीम एक्शन इंडिया/टोरंटो**
कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर दिए गए अपने बयान पर अब सफाई दी है। कनाडाई पीएम ने मंगलवार रात को कहा कि उनका बयान भारत को उकसाने या तनाव बढ़ाने के लिए नहीं था। उन्होंने कहा उनके बयान का मतलब उकसाना नहीं, बल्कि निज्जर की हत्या पर भारत से सहयोग मांगना था।

**निज्जर की हत्या पर क्या बोले थे ट्रूडो ?:** बता दें कि कनाडाई पीएम ने मंगलवार सुबह हरदीप



सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कहा कि सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही है कि क्या निज्जर की हत्या में भारत सरकार के अधिकारियों के हाथ हैं। इसके साथ ही कनाडा ने भारतीय राजनायिक को भी निष्कासित कर दिया था।

**करारा जवाब**

8 भारत ने अपने आंतरिक मामले में हस्तक्षेप के चलते कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित कर दिया

**भारत ने कनाडा को दिया करारा जवाब:** कनाडा के कदम के तुरंत बाद भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भारत की तीखी प्रतिक्रिया से साफ हो गया कि भारत सरकार कनाडा सरकार के आरोपों को चुपचाप सहन करने नहीं जा रही। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैकाये को समन किया और उन्हें बताया कि भारत ने अपने आंतरिक मामले में हस्तक्षेप के चलते कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक ओलिविएर सिल्वेस्टर को निष्कासित कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह फैसला भारत सरकार की इस बढ़ती चिंता को बताता है कि किस तरह से कनाडा के राजनयिक भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं।

## महिला आरक्षण, मोदी है तो मुमकिन है: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने महिला आरक्षण बिल को क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की गठबंधन की सरकारें सत्ता में रहीं, पूर्ण बहुमत की भी सरकारें रहीं, लेकिन महिला आरक्षण पर कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आधी आबादी - नारी शक्ति को उनका हक देकर अभिनंदनीय कार्य किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज मंगलवार को नए संसद भवन में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया।

# 'महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला बिल है...'

## 'आम आदमी पार्टी सैद्धांतिक रूप से महिला आरक्षण का समर्थन करती है। अगर ऐसा कोई बिल आता है तो हम उसका स्वागत करेंगे

**साधा निशाना**

8 प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने कहा कि भाजपा को महिलाओं की भलाई और कल्याण में कोई दिलचस्पी नहीं







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**आम** आदमी पार्टी ने महिला आरक्षण विधेयक को महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला बिल करार दिया है। आतिशी ने कहा कि यह 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला विधेयक है। इसके अलावा दिल्ली की मंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी सैद्धांतिक रूप से महिला आरक्षण का समर्थन करती है। अगर ऐसा कोई बिल आता है तो हम उसका स्वागत करेंगे।

**भाजपा पर आप ने बोला हमलाः** एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने कहा कि भाजपा को महिलाओं की भलाई और कल्याण में कोई दिलचस्पी नहीं है। बिल के प्रावधानों को करीब से पढ़ने पर पता चलता है कि यह 'महिला बेवकूफ बनाओ' बिल है। विधेयक के अनुसार, परिसीमन प्रक्रिया शुरू होने के बाद आरक्षण लागू होगा और 15 वर्षों तक जारी रहेगा। प्रत्येक परिसीमन प्रक्रिया के बाद महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों को घुमाया जाएगा।

**2024 के चुनावों के लिए आरक्षण लागू करने की मांगः** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा, "परिसीमन और जनगणना के प्रावधान क्यों शामिल किए गए हैं? इसका मतलब है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण लागू नहीं किया जाएगा।" उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि परिसीमन और जनगणना के प्रावधानों को खत्म किया जाए और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए महिला आरक्षण लागू किया जाए।

**सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण देने की मांगः** आतिशी ने कहा कि लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत सीमित है, इसलिए हम बिल का स्वागत और समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, नगर पालिका या पंचायतों में पहले से ही आरक्षण है। इसके बावजूद एक आम महिला के जीवन में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया। आतिशी ने आगे कहा कि हम चाहेंगे कि सरकारी नौकरियों में भी सरकार आरक्षण दे।

इसे संसद में पेश किया जाना चाहिए। आतिशी ने कहा कि सरकार से हमारा अनुरोध केवल निर्वाचित प्रतिनिधियों को आरक्षण देने से आगे बढ़ने का होगा। हम चाहते हैं कि महिलाओं के लिए सभी सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण होना चाहिए। महिला आरक्षण विधेयक को सोमवार को कैबिनेट से मंजूरी मिली थी। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सरकार लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए सभी सीटों में से एक तिहाई आरक्षित करने के लिए विधेयक ला रही है।

### महिला आरक्षण बिल पर चर्चा हुईः पीएम मोदी

**संसद** की नई इमारत में अपना पहला भाषण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण बिल पर काफी देर तक चर्चा हुई। अटल बिहारी वाजपेई के शासनकाल में कई बार महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, लेकिन बिल को पास कराने के लिए पर्याप्त बहुमत नहीं था और इस वजह से यह सपना अधूरा रह गया।

# दिल्ली में कनाडाई उच्चायोग के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में मंगलवार को कनाडा हाई कमीशन (उच्चायोग) के आसपास सुरक्षा घेरा मजबूत कर दिया गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में भारत को लेकर दिए बेतुके बयान के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। कनाडा उच्चायोग के बाहर केंद्रीय रिजर्व पुलिस और दिल्ली पुलिस के कई कर्मियों को तैनात किया गया। कनाडा ने भारत के एक सीनियर राजनायिक को निष्कासित कर दिया था, जिसके जबाव में भारत ने भी कनाडा के सीनियर राजनयिक को निष्कासित कर दिया।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा के उच्चायुक्त को किया तलबः भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैके को मंगलवार को विदेश मंत्रालय के मुख्यालय साउथ ब्लॉक में तलब किया गया। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को बुलाया गया और भारत में स्थित एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया गया। राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने के लिए कहा गया है।

# नर्सरी में दाखिले के लिए स्कूल एजुकेशन संशोधन कानून लागू करने की मांग

**स्क्रीनिंग प्रक्रिया**

8 नर्सरी में दाखिले के लिए स्क्रीनिंग को रोकना शिक्षा के अधिकार कानून के तहत संभव नहीं है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर दिल्ली के स्कूलों में नर्सरी में दाखिले के लिए स्क्रीनिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए दिल्ली स्कूल एजुकेशन संशोधन कानून लागू करने की मांग की गई है। इस तरह की मांग पहले दिल्ली हाई कोर्ट से खारिज की जा चुकी है। अब हाई कोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। यह याचिका सोशल जूरिस्ट की ओर से वकील अशोक अग्रवाल ने दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि कि दिल्ली के निजी स्कूल 3 साल से ऊपर के बच्चों का दाखिले के लिए स्क्रीनिंग कर रहे हैं। दिल्ली स्कूल शिक्षा कानून में 2015 में संशोधन कर नर्सरी में दाखिले के लिए स्क्रीनिंग प्रतिबंध लगाया गया, लेकिन ये संशोधन कानून केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच झूलता रहा और पिछले सात सालों में अभी तक लागू नहीं किया जा सका। ये कानून निजी स्कूलों की ओर से बच्चों का शोषण रोकने के मकसद से लाया गया था। याचिका में कहा गया है कि शिक्षा के अधिकार कानून में दाखिले के लिए स्क्रीनिंग को एक अपराध माना गया है, लेकिन ये कानून 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर लागू नहीं होता। इसलिए नर्सरी में दाखिले के लिए स्क्रीनिंग को रोकना शिक्षा के अधिकार कानून के तहत संभव नहीं है। ऐसे में इस कानून को लागू नहीं करना लोकहित में नहीं है।

# 'मेरे पति ने खुद को गोली मार ली'...




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मंगलवार** सुबह 01:23 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। महिला कॉलर ने कहा कि टीनू पब्लिक स्कूल के पास मेरे पति ने अपने आप को गोली मार ली है। घटनास्थल पर पहुंचने पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। उसके सिर में गोली लगी थी। मृतक की पहचान राजेश तोमर (40) के रूप में हुई है। वह भिंड मुरैना, मध्य प्रदेश का रहने वाला था। अभी वह बी ब्लॉक, संगम विहार दिल्ली में रह रहा था। पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक राजेश तोमर अपनी लिव इन पार्टनर महिला और उसके तीन बच्चों के साथ छह साल से इसी पते पर रह रहा था। धारा 25/54/59 आर्म्स के तहत मामला दर्ज जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। मौके से खाली कारतूस, एक देशी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस जब्त किए गए हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की जावेद की जमानत याचिका

## आईडी विस्फोट करने की योजना बना रहा था आरोपित

**खारिज**

8 आतंकवादी गतिविधियों की योजना बनाने के आरोपित जावेद को जमानत देने से इनकार कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली हाईकोर्ट** ने देश में आतंकवादी गतिविधियों की योजना बनाने के आरोपित आमिर जावेद को जमानत देने से इनकार कर दिया है। आरोपित के खिलाफ यूएपीए अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने कहा कि तथ्यों से प्रथम दृष्टया पता चलता है कि आरोपित जावेद विस्फोटकों का उपयोग कर-के जानमाल का नुकसान पहुंचाने की योजना बचाने वाले नेटवर्क में से एक था। अदालत ने निचली अदालत के आदेश को बकरार रखते हुए कहा कि ऐसे में अदालत की राय है कि आरोपित को जमानत पर रिहा नहीं किया जाना चाहिए। वहीं, अदालत ने आरोपित को जमानत देने से इनकार करने के 18 मई को निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए निमयित जमानत की मांग वाली जावेद की याचिका को खारिज कर दी। जांच एजेंसी के मुताबिक, सीरियल इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) ब्लास्ट की योजना बना रहे एक आतंकी मॉड्यूल के संबंध में प्राप्त एक विश्वसनीय इनपुट के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इनपुट के अनुसार, आरोपित भारत में सिलसिलेवार तरीके से आईईडी विस्फोट करने की योजना बना रहा था।

# मेन बाजार की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने की उपायुक्त से मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

नरेला मे मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी ने बाजार की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर नगर निगम नरेला जोन उपयुक्त वीर सिंह यादव से मुलाकात की और मेन बाजार की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किए जाने की मांग की।

बाहरी दिल्ली के नरेला में मंगलवार को मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी ने महासचिव मनोज बंसल की अगुवाई में मेन बाजार नरेला की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर नरेला जोन उपयुक्त वीर सिंह यादव से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने उपायुक्त को एक मांग पत्र भी सौंपा। उपायुक्त वीर सिंह यादव ने मेन बाजार नरेला की सभी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया। मेन बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनोज बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि मेन बाजार नरेला बाहरी दिल्ली के प्रमुख बाजारो में से एक है। दिल्ली और हरियाणा के समीपवर्ती गावों से हजारो व्यक्ति प्रतिदिन नरेला मेन बाजार में खरीदारी करने आते है। त्योहारों के सीजन में तो यह संख्या लाखों में पहुँच जाती है। त्योहारी सीजन के दौरान में बाजार में सुरक्षा, अतिक्रमण व अन्य विषय प्रशासन और मेन बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन के लिए हमेशा से ही चुनौती का विषय रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने नरेला जोन उपयुक्त वीर सिंह यादव से मुलाकात कर उनके समक्ष विभिन्न समस्याओं जैसे मेन बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या, पार्किंग व्यवस्था, मेन बाजार नरेला स्थित शौचालयों का रखरखाव, मेन बाजार में जल भराव की समस्या आदि को रखा। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान हेतु उचित निर्देश दिए भी दिए। मौके पर मेन बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन (रजि.) से प्रधान श्री भगवान, महासचिव मनोज बंसल, कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा, उप-प्रधान विकास बंसल, सह सचिव अमित बंसल, सह कोषाध्यक्ष हरीश खन्ना, संरक्षक श्री निवास वर्मा और नरेश गुप्ता, महावीर गोयल, सुभाष गोयल, सन्नी भारद्वाज, राजेंद्र कुमार गोयल, दीपक मक्कड़, गौरव खत्री तथा दिनेश कुमार मौजूद रहे।

# शाह आलम बांध मार्ग पर आवारा पशुओं का आतंक

## आखिर किसके हैं ये मवेशी, प्रशासन क्यों है मौन, क्यों नहीं कर रहा कार्रवाई : हरीकिशन जिन्दल

**मांग...**

8 स्थानीय निवासियों ने सिविल लाईन जोन के डीसी से मांग की है कि हमारी इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो



**तीरथ राज/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में निगम की लापरवाही से गलियों व रोड़ों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते लोगों को रोजाना समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। कुछ ऐसा ही हाल पिछले कुछ महिनों से आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले शाह आलम बांध मार्ग पर भी देखने को मिल रहौ, जहां पर डेरी संचालक गाय का दूध निकालने के बाद सड़कों पर पशुओं को छोड़ देते हैं, जिसके चलते सड़को पर आवारा पशुओं की वजह से एक्सीडेंट भी हो जाते हैं।

**आखिर किसके हैं आवारा पशुः** आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने कहा कि शाह आलम बांध मार्ग पर पिछले कई महिनों से आवारा पशुओं की वजह से एक्सीडेंट जैसे मामले आ रहे हैं, यहां से गुजरने वाले लोग चोटिल हो रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। श्री जिदंल ने कहा कि आखिर किसकी सह पर डेरी संचालको ने ये पशु सड़कों पर छोड़ रखे है।

**प्रशासन क्यों नहीं कर रहा डेरी संचालकों पर कार्रवाईः** श्री जिन्दल ने कहा कि प्रशासन डेरी संचालकों के खिलाफ क्यों कार्रवाई नहीं कर रहा है, जबकि इन डेरी संचालाकों की वजह से रोज एक्सीडेन्ट हो रहे है, लेकिन प्रशासन मौन है।

**आरडब्ल्यूए ने जताई चिंताः** संजय नगर महेन्द्रा पार्क आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष राजीव बंसल ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन से विशेष रूप से हमारी मांग की है, इस मवेशियों को यहां से हटाया जाये। जिससे की लोग इन सड़को से निकलते वक्त अपने आप को सुरक्षित महसूस करें।

**उपायुक्त से कार्रवाई की मांगः** स्थानीय निवासियों ने सिविल लाईन जोन के उपायुक्त से मांग की है कि हमारी इस समस्या का समाधान हो, जिससे की सड़कों व गलियों में घूमने वाले आवारा पशुओं पर रोक लग सके और डेरी संचालकों पर कार्रवाई हो।

# नरेला के पंजाबी कॉलोनी में धूमधाम से हुआ गणेश महोत्सव का आगाज






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बाहरी दिल्ली के नरेला में बहावलपुर सनातन धर्म सभा द्वारा पंजाबी कॉलोनी स्थित बहावलपुर सनातन धर्म मंदिर में 10 दिवसीय विशाल गणेश महोत्सव का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। इस दौरान भगवान गणेश जी की प्रतिमा को ढोल नगाड़ों के साथ नगर परिक्रमा कराकर पूरे विधि विधान से पूजा पाठ कर गणपति बाबा मोरिया के जयकारों के साथ सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी में स्थापित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रवीन लाकड़ा ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। देश भर में गणेश चतुर्थी के दिन से गणेश उत्सव का आगाज हो गया। गणपति बप्पा मोरिया की जयकारों से कई जगह मूर्ति स्थापना संग पूजा अर्चना शुरू हो गई । इसी कड़ी में बाहरी दिल्ली के नरेला स्थित श्री बहावलपुर सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी में 10 दिवसीय विशाल गणेश महोत्सव का प्रतिमा स्थापना के साथ शुभारंभ हो गया है। बहावलपुर सनातन धर्म सभा की ओर से मंगलवार को सिद्धिविनायक गणेश की स्थापना वेद मंत्रो पूजा पाठ के साथ की गई, यहां पर 10 दिनों तक गणपति की आरती भजन कीर्तन आदि विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा होगा। बहावलपुर सनातन धर्म सभा के प्रधान दीपक मक्कड़ ने बताया इस दौरान प्रतिदिन महाआरती के साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं विशाल दरबार, फूलों की वर्षा, आकर्षक झांकियां, सहित रोजाना शाम को विशेष भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भक्तों को पुरस्कार भी दिया जाएगा। 28 दिसंबर को गणेश विसर्जन के दिन हवन व पूजा के साथ ढोल नगाड़ों के साथ विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 8 बजे विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। उन्होंने आगे कहा कि नरेला इलाके में सोमवार को विशाल शोभा यात्रा भी निकाली गई। इसमें बैंड-बाजे, शहनाई, नफीरी और ढोल-ताशे के बीच शोभा यात्रा की शुरूआत बहावलपुर सनातन धर्म मंदिर से शुरू होकर नरेला के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस मंदिर में संपन्न हुई। इसका जगह-जगह पर फूल-मालाओं से लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। इस मौके पर प्रधान दीपक मक्कड़, उप प्रधान दीपक बिल्ला, उप प्रधान सुशील कुमार, मुख्य सचिव करन बत्रा सह सचिव लकी अरोड़ा कोषाध्यक्ष चिराग खुराना, सह कोषाध्यक्ष अध्यक्ष निशांत कुमार वरिष्ठ सदस्य एनडी अरोड़ा, सदस्य जितेंद्र कुमार रविंद्र, रमेश वर्मा, पंकज अरोड़ा, सदस्य कुणाल बत्रा, सदस्य रमेश वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# गलत प्राथमिकी बिजली को लेकर बिजली कर्मचारियों ने किया धरना-प्रदर्शन

## = अंबाला कैंट यूनिट के अंतर्गत आने वाली सभी सब यूनिटों में धरना प्रदर्शन और नारेबाजी की गई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा राज्य बिजली वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में सब यूनिट प्रधान राज कुमार सैहला की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय बराड़ा के प्रांगण में कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन और नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य कारण इंडस्ट्रियल एरिया सब डिवीजन में पुलिस प्रशासन द्वारा गलत प्राथमिकी बिजली कर्मचारियों के खिलाफ करने के विरोध में हुई। इंडस्ट्रियल एरिया सब डिवीजन में 29-4-23 वेयरहाउस के गोदाम में एक ट्रक बिजली की तारों से जा टकराया और उसमें आग लग गई। इस हादसे में तक ड्राइवर ट्रक सहित जलकर खाक हो गया था। दुखेड़ी के पास स्थित वेयरहाउस की बाउंड्री में से बिजली की 11000 केवी की तारे गुर्जर रही है जहां पर लगातार गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है। और यह सिलसिला पिछले कई वर्षों से लगातार चला आ रहा था। हादसे वाले दिन भी 40 से 50 ट्रक लोडिंग अन्लोडिंग के लिए वेयरहाउस में



आऐ थे। बिजली की तारों की कोई भी शिकायत किसी अधिकारी या कर्मचारी के पास नहीं थी। वेयरहाउस के गेट पर हमेशा ताला लगा रहता है। जिसका पूरा नियंत्रण वेयरहाउस स्टाफ का रहता है। बिना वेयरहाउस स्टॉप की अनुमति के कोई बाहरी वेतन दर प्रवेश नहीं कर सकता। जो हादसा हुआ है वह बहुत ही दुखद है और दिवंगत आत्मा के प्रति बिजली कर्मचारियों की पूरी संवेदनाएं है। हादसे के बाद निगम के दो कार्यकारी अभियंता ने मौके का मुआइना किया और पाया कि इस हादसे में निगम के किसी कर्मचारी अधिकारी की कोई गलती नहीं है। उसके बाद भी पुलिस गलत तरीके से बिजली के कर्मचारियों को खिलाफ कार्रवाई करने पर अड़ी हुई है। जिसका बिजली बोर्ड यूनियन ने कड़ा संज्ञान लेते हुए संघर्ष का रास्ता अपनाया। इसी कड़ी में अंबाला कैंट यूनिट के अंतर्गत आने वाली सभी सब यूनिटों में धरना प्रदर्शन और नारेबाजी की गई। आज के इस विरोध प्रदर्शन में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सब यूनिट बराड़ा के प्रधान राज कुमार सैहला ने पुलिस प्रशासन और निगम के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कर्मचारियों के खिलाफ गलत मानसिकता से कारवाई की

**प्रदर्शन**

**8 इंडस्ट्रियल एरिया सब डिवीजन में 29-4-23 वेयरहाउस के गोदाम में एक ट्रक बिजली की तारों से जा टकराया और उसमें आग लग गई**

गई तो इसका फोन रुप से विरोध किया जाएगा। अगर जरुरत पड़ी तो इस संघर्ष को लड़ने के लिए कर्मचारी कोई भी हद पार करने के लिए तैयार रहेगा। आज की इस धरना प्रदर्शन नारेबाजी में मुख्य रुप से सभी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जिनमें मुख्य रुप से संजीव गुप्ता ,सुशील सिंगला प्रिंस बक्सी, प्रदीप कुमार, गुरमान सिंह, कुलदीप सिंह, जसबीर सिंह, रोहित सैणी, गुरप्रीत सिंह, राजेश कुमार, कर्मचंद, रणधीर सिंह, राज कुमार जे ई, नवनिंदर जे ई, सीए दिनेश कुमार, यशवीर, रमन, मोनू, ऋषि पाल आदि भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# सचदेवा ने किया डॉ. जसबीर सिंह की पुस्तक का विमोचन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने हिन्दी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. जसबीर सिंह कैंदल के मौलिक काव्य संग्रह मैं वो लफ्ज हूं का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. जसबीर सिंह को बधाई देते हुए कहा कि डॉ. जसबीर सिंह ने अपने मूल कविताओं के संग्रह को संग्रहित कर बेहतरीन कार्य किया है। पुस्तक हमारी आसपास की दुनिया को समझने, सही और गलत के बीच निर्णय लेने में हमारी मदद करती हैं। किताबें पढ़ने से हमारे व्यक्तित्व में गुणात्मक

**विमोचन**

**8 डॉ. जसबीर सिंह ने अपने मूल कविताओं के संग्रह को संग्रहित कर बेहतरीन कार्य किया है**

परिवर्तन आता है।

इस अवसर पर निदेशक अंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. गोपाल प्रसाद, अंबेडकर अध्ययन केंद्र के सहायक निदेशक डॉ प्रीतम सिंह, सह संयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ डॉ ऋषिपाल मथाना, डॉ कुलदीप मेंहदीरत्ता , डॉ हरीश शर्मा, डॉ विनोद पिंडारसी, विनोद चौहान आदि मौजूद थे।

# किड्जी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में पूरी आस्था तथा विश्वास के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** गणेश की ज्योति से नूर मिलता है,सबके दिलों को सरूर मिलता है। जो भी आता है गणेश के द्वार,कुछ न कुछ उन्हें जरूर मिलता है।आज किड्जी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में पूरी आस्था तथा विश्वास के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया गया। स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ तथा प्रिंसिपल वीरेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर गणपति जी को लड्डूओं का भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।कक्षा



सातवीं तथा आठवीं की छात्रा साक्षी, वंशिका, विहानी ,विराज तथा संभव ने प्रथम सुमिरन गणेश जी की वंदना सामूहिक रूप से प्रस्तुत की तथा कक्षा तीसरी एवं चौथी की यशिका ,विहानी, मन्नत ,समायरा सृष्टि तथा दीपिका ने श्री गणेश देवा पर सामूहिक

**गणपति बप्पा**

**8 भगवान गणेश को विघ्न हर्ता यानी सभी बाधाओं को दूर करने वाले के रूप में माना जाता है**

नृत्य की प्रस्तुति दी । नर्सरी कक्षा के नन्हे गणेश की वेशभूषा में अति मोहक लग रहे थे। जूनियर केजी तथा सीनियर केजी के छात्रों ने मोरया गणपति बप्पा मोरया पर सामुहिक नृत्य की प्रस्तुति दी । सीनियर के जी की याहना ने घर में पधारो गजानन जी पर मनमोहक प्रस्तुति दी।मंच का संचालन अध्यापिका ममता लांबा तथा शुभम सर के द्वारा किया गया। स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने बताया कि हिंदू पौराणिक कथाओं में भगवान गणेश प्रथम पूज्य हैं। भगवान गणेश को विघ्न हर्ता यानी सभी बाधाओं को दूर करने वाले के रूप में माना जाता है ।उनका गज के समान मस्तक व्यक्ति को विवेकशील होने की शिक्षा देता है।

# लाडवा: प्रत्येक गांव का विकास करवाना मेरा मुख्य लक्ष्य: संदीप गर्ग

## गांव बपदा की भारी संख्या में महिलाओं ने दिया भावी विधायक संदीप गर्ग को अपना समर्थन

**जनसमस्या**

**8 सभी महिलाओं की जो भी समस्याएं हैं उनका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा: गर्ग**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा के गांव बपदा की ई-लाइब्रेरी में गांव की भारी संख्या में महिलाओं ने भावी विधायक एवं नेता संदीप गर्ग को अपना दुख दर्द सुनाया और अपना भारी समर्थन उन्हें दिया। भावी विधायक एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि सभी महिलाओं की जो भी समस्याएं हैं उनका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के के प्रत्येक गांव का विकास करवाना मेरा मुख्य लक्ष्य है। वह दिन-रात लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी किसी प्रकार की कोई



दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। वहीं ग्रामीण सरपंच मोना, आरती, सुनीता, रेणु, मुकेश, सरोज, पिन्की, रमता, कुसुम, जयकुमार, रामनाथ, सुनील, प्रदीप, प्रिया, सिमरन, शिवकुमार, गीता, नीरज आदि ने नेता संदीप गर्ग को 2024 के चुनाव में लाडवा विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए अपना समर्थन दिया और वायदा किया कि वह इस बार 2024 के चुनाव में नेता संदीप गर्ग को लाडवा हल्के का विधायक बनाकर विधानसभा में भेजने का काम करेगी। वहीं उन्होंने कहा की फैमिली आईडी में जो दिक्कत आ रही है उसके कारण लोग हम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार कई कार्यालय में चक्कर काट चुके हैं। परंतु उसके बावजूद भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द फैमिली आईडी व अन्य जो भी दिखाते हैं उन्हें करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भावी विधायक एवं नेता संदीप गर्ग लाडवा हल्के की महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर अधिक खोलकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहे हैं उसी प्रकार हमारे लिए भी काम करेंगे और हम भी उनके लिए काम करेंगे।

# कलसाना में श्री गणेश चतुर्थी को मनाया धूमधाम से: स्वीटी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**गांव कलसाना में श्री गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया लिया। स्वीटी रंगा ने कहा कि श्री गणेश जी सबके दुखों को हरने वाले हैं और हर पूजा पाठ में श्री गणेश जी को सबसे पहले पूजा जाता है सभी जगह श्री गणेश चतुर्थी के त्यौहार को बड़े हर्ष उल्लास से श्री गणेश महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है ।समाजसेवी मिहा सिंह रंगा ने कहा कि गांव कलसाना में समस्त गांव की तरफ से 14 वां श्री गणेश महोत्सव मना रहे हैं। बच्चों ,महिलाओं ,

**आशीर्वाद**

**8 श्री गणेश जी सबके दुखों को हरने वाले हैं और हर पूजा पाठ में श्री गणेश जी को सबसे पहले पूजा जाता है**

बुजुर्गऔर युवा साथियों में श्री गणेश महोत्सव को लेकर बहुत उत्साह है ।मिहा सिंह रंगा ने कहा कि इस पवित्र त्योहार पर युवा साथी नशे से दूर रहने का संकल्प लें।

इस अवसर पर कमेटी के सदस्य मास्टर सोहनलाल, मास्टर गंगाधर शर्मा, पंडित सुनील शर्मा, विकी शर्मा,विनोद वधवा ,सुमित शर्मा डाली शर्मा उपस्थित रहे।

# इंटरनेट के दौर में साईबर अपराधियों से बचना चुनौती, जागरूकता से बचा जा सकता है: सुरेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**

साईबर अपराधी अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन जागरुकता से ही साईबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा साईबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरुक करने के लिए पुलिस ने एडवाजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह



भोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आज इन्टरनेट की दुनिया में हर व्यक्ति कम्पयूटर व मोबाईल से जुडा है। आमजन को साइबर अपराधों से बचने के लिए सचेत रहना होगा । साईबर अपराधों से बचने के लिए जागरुकता ही सबसे बडा हथियार है। साईबर अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे है जिनके प्रति बेहद सजग रहने की जरूरत है।

## नेटवर्किंग मीटिंग का आयोजन किया गया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

ब्रेकथ्रूसंस्था एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वार जिले में नेटवर्किंग मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसका विषय सेफ विलेज सेफ स्कूल रहा। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रतीक जैन मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल रहे। मीटिंग में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग एवं गैर सरकारी संस्थाओं से व्यक्ति व 12 गांव के स्कूलों के प्रिंसीपल व सरपंच उपस्थित रहे। ब्रेकथ्रू से मुकेश ने बताया की हमे जेंडर फ्रेंडली पंचायत बनाने की जरूरत है। ताकि ऐसी पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ चढ़ कर हो सके व उनके लिए एक सुरक्षित गांव बन सके।

# बाल विवाह और बाल मजदूरी एक दंडनीय अपराध: ज्ञानचंद सैनी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तयोड़ा में एडीसी कार्यालय की तरफ से आए प्रवीण कुमार ने छात्रों को समाज में बढ़ती हुई कुरीतियों के बारे में सजग किया। उन्होंने समाज में बढ़ रही बाल विवाह, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। मुख्य अध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने बाल विवाह के बारे में छात्रों को बताया कि यह एक दंडनीय अपराध है। अगर किसी भी लकड़ी की शादी 18 वर्ष से कम की आयु में होती है तो बाल विवाह मानी जाती है। इसके अंदर मां-बाप को कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान है। अगर



इस प्रकार के विवाह में कोई भी व्यक्ति शरीक होता है तो उस पर भी दंड का प्रावधान है। अगर 13 वर्ष से कम आयु का कोई भी बालक या बालिका किसी प्रकार का किसी दुकान पर कार्य करता मिलता है तो वह बाल मजदूरी कहलाती है। इसमें उस बच्चों के मां-बाप और मालिक पर दंड का प्रावधान है। अगर इस प्रकार का कोई भी बच्चा मिल जाता है तो वह मां-बाप को सुपुर्द नहीं किया जाता। बल्कि उसको किसी संस्था को सौंप कर ,प्लस टू करने के बाद ही मां बाप को सौप जाता है ।बाल मजदूरी करवाना और करना एक दंडनीय अपराध है। इसकी समाज में कठोरता से निंदा होनी चाहिए। श्री प्रवीण कुमार ने बोल

**जागरूक**

**8 समाज में बढ़ रही बाल विवाह, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया**

यौन शोषण ,गुड टच और बेड टच के बारे में भी बताया। प्रवीन कुमार द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों और छात्रो को एक शपथ भी दिलवाई गई। इसके साथ-साथ पोषण मास के तहत इस माह में जो छात्राएं पैदा हुई है उन सभी का राजकुमारी ,आसीमा दल, और राजरानी के द्वारा जन्मदिन मनाया गया।

# गांव सिवाह की जनता ने मुझे जो मान सम्मान दिया मैं उसका आभारी रहूंगा: जैन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत** ग्रामीण हलके के नेता पार्षद विजय जैन ने आज अपने जनसंपर्क अभियान के तहत हलके के सबसे बड़े गांव सिवाह में राजेश कादियान द्वारा आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। वहीं सिवाह गांव की जनता ने भारी संख्या में पहुंच कर विजय जैन को अपना प्यार और आशीर्वाद दिया। वहीं आयोजक राजेश कादियान ने 36 बिरादरी की जनता को जलपान करवाया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा है कि गांव सिवाह की जनता ने मुझे जो मान सम्मान आज दिया है मैं उसका जीवन भर आभारी रहूंगा। वक्त आने पर इस सम्मान को ब्याज सहित चुकता करूंगा। जैन ने कहा है कि मैं राजनीति में धन कमाने नहीं आया मैं तो आप लोगों की सेवा करने के



मकसद से राजनीति में आया हूं और दिल से आप लोगों की सेवा करता रहूंगा। अगर आप लोगों ने मुझे अपना आशीर्वाद और प्यार दिया तो मैं ग्रामीण हल्के की कायाकल्प कर दूंगा। पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा है कि विजय जैन एक समाज सेवी व्यक्ति है। उनके दरवाजे पर अगर कोई व्यक्ति फरियाद लेकर जाता है तो वह किसी को अपने दरवाजे से खाली हाथ नहीं लौटाते। विजय जैन देने में विश्वास रखते हैं न की लेने में। राणा ने कहा है कि पानीपत ग्रामीण हल्के में इस बार परिवर्तन की लहर चल रही है और परिवर्तन होकर रहेगा तथा इस परिवर्तन की लहर में सिवाह गांव के लोगों का अहम योगदान होगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जुगनू कादियान, बसे राम कादियान, पूर्व सरपंच पूर्ण डिडवाड़ी, शीला भारद्वाज, सज्जन सिंह, बलवान सिंह, प्रदीप कुमार,अंग्रेज सिंह, जयकरण कादियान, बलजीत सिंह पंच, रोहतास कादियान, पंडित शिवकुमार, सुमर

**कृतज्ञ**

**8 मैं राजनीति में धन कमाने नहीं आया मैं तो आप लोगों की सेवा करने के मकसद से राजनीति में आया हूं**

प्रजापत, कर्मवीर पंच,लीला वाल्मीकि, पंडित रामकृष्ण, आजाद सिंह, डॉ. कुलदीप, शेरसिंह पंच, विजेंद्र ब्लॉक समिति मेंबर, पृथ्वी नंबरदार, वीरेंद्र लठवाल, सत्यनारायण, कृष्ण कादियान, सुभाष पंडित, रमेश, शेरा वाल्मीकि, राजकुमार चौकीदार, इंदर वाल्मीकि, सुलतान सिंह, सागर कादियान, फौजी बृषभान कादियान, बलदेव अरोड़ा हनुमान, रमेश मौर्य व राजेश ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

# रिहायशी क्षेत्र में गंदे व बदबूदार पानी से जनता परेशान: ओंकार सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला** (मनीष कुमार) बनारसी दास मिल के पीछे रिहायशी क्षेत्र में पड़ने वाले नाले में गंदा व बदबूदार सीवर का पानी छोड़ने से परेशान क्षेत्रवासी इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह की अध्यक्षता मे एक्सईएन हरभजन सिंह से मिले और अपनी समस्या बताइ। एक्सईएन से मुलाकात के दौरान ओंकार सिंह ने कहाकि निशात बाग के साथ लगते नाले में आपके विभाग द्वारा सीवर के गंदे पानी का प्रेशर पंप डाला गया है जिसके कारण पूरे क्षेत्र की जनता बदबू व गंदगी से परेशान और हताश है। ज्ञातव्य है कि जब यह पाइप डाला जा रहा था तब भी क्षेत्र की जनता ने इसका विरोध किया था लेकिन विभाग



ने उस समय इस पर संज्ञान नहीं लिया। जब मिल के पीछे का एरिया बाढ़ में डूबा था तब पूरे क्षेत्र में पानी भरने का एक मुखय कारण यह पंप भी था क्योंकि यह पंप लगातार चल रहा था और नाले में गंदा पानी फेंक रहा था लेकिन आगे गंदा पानी टांगरी नदी में डालने वाले पंप व गेट बंद था। किसी भी सरकारी विभाग द्वारा कोई भी नई योजना लागू करने से पहले उस योजना के जनता पर पढ़ने वाले प्रभाव की जांच करनी आवश्यक है ताकि जनता के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालने वाली योजनाओं पर अंकुश लग सके।

## न्यूज फ्लैश

### नए नोएडा की नई कहानी- डिजिटल न्यूज चैनल श्रेष्ठ भारत ने की शानदार मुहिम



**नोएडा:** नोएडा के बारे में फैली गलत भ्रांतियों और नए नोएडा की नई तस्वीर को दुनिया के सामने लाने के लिए डिजीटल न्यूज चैनल श्रेष्ठ भारत ने नोएडा पुलिस, नोएडा अथॉरिटी और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के साथ मिलकर आज के नोएडा कैंपेन की शुरूआत की। यूट्यूब समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर प्रसारित होने वाले डिजिटल न्यूज चैनल श्रेष्ठ भारत ने नोएडा में बह रही विकास की बयार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक विशेष कैंपेन आज के नोएडा की शुरूआत की, इस कैंपेन के मकसद नए नोएडा को विश्व पटल पर ले जाना है। नोएडा शहर में डर लगता है ये बात अब पुरानी हो चुकी है क्योकि नोएडा पुलिस हथौड़ा भी चलाना जानती है और बुलडोजर भी- आज के नोएडा कैंपेन की लांचिंग सेरेमनी में पहुंची नोएडा शहर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने इस मंच पूरे देश को संदेश दिया कि नोएडा अब वो शहर नहीं रह गया जहां लोगों को डर लगता है, जहां महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करती है, आज का नोएडा पूरी तरह से सिक्योर और सेफ है। साथ ही उन्होने कहा कि नोएडा की पुलिस नोएडा में आने, बसने, काम करने, इंवेस्टमेंट करने के लिए सबको अमंत्रित करते हैं साथ ही इस बात का दावा करते हैं कि नोएडा सबके लिए सुरक्षित है। नोएडा सेक्टर-32 के नोएडा में 17 सितंबर को इस कैंपेन की शुरूआत हुई. जिसमें शहर की कई नामचीन हस्तियों के साथ मुख्य अतिथि के तौर पर - नोएडा पुलिस कमिश्नर क्ष्ठर लक्ष्मी सिंह, नोएडा अथॉरिटी के सीईओ लोकेश एम, गौतम बुद्ध नगर के डीएम मनीष कुमार और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के एडिशनल सीईओ अमनदीप डुली कार्यक्रम में शामिल हुए. इस कैंपेन का अहम मकसद नोएडा में डर लगता है वाली मानसिकता को बदलना है. साथ ही इस कैंपेन का मकसद नोएडा को महिलाओं के लिए सुरक्षित शहर बनाना, साइबर क्राइम को जड़ से मिटाना, लीगल राइट्स के बारे में लोगों को जागरुक करना और नशा मुक्त शहर बनाना है। इस इवेंट में मशहूर गायिका मनदाकिनी बोरा और इंटरनेशनल सैंड आर्ट आर्टिस्ट नीतीश भारती की लाइव परफॉर्मेंस ने इवेंट में चार चांद लगा दिए।

### अंतर्राष्ट्रीय मिलेट दिवस पर जागरूक किया

**राईः ग्रुप** केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल खेवड़ा में स्थित केंद्रीय विद्यालय में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण माह मनाया जा रहा है । जिसके अंतर्गत पोषण से संबंधित अनेकों गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों में पोषण को लेकर जागरूकता बढ़े । विद्यालय की प्रार्थना सभा में अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज दिवस मनाया गया । जिसमें विद्यालय के कर्मचारी व किसान नरेश ने विद्यार्थियों को मोटा अनाज , बाजार, ज्वार,मक्का,मंडवा,रागी,जौ जैसी भारतीय फसलों के बारे में जानकारी दी ' पाठय-सहगामी क्रियाकलाप प्रभारी श्रीमती शैली ने विद्यार्थियों को मोटा अनाज खाने के फायदों से अवगत कराया । कक्षा एक एवं दो के नन्हे मुन्ने बच्चों ने आयुष मंत्रालय द्वारा जारी पोषक गीत "चल भारत उठ भारत" के माध्यम से भारत के पारंपरिक मोटे अनाज को अपने खान-पान में आधिकारिक शामिल करने का संदेश दिया ' इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा

### नगर योजना कर विभाग की टीम ने अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**गन्नौरः नगर एवं** ग्राम आयोजन विभाग द्वारा बादशाही रोड़ पर गांव गढ़ी केसरी की राजस्व सम्पदा में हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। विभाग द्वारा 2 एकड़ जमीन में बनाई गई 3 डीपीसी, 1 चारदीवारी व लगभग 220 मीटर के कच्चे रास्ते को ध्वस्त करवा दिया गया। जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने बताया कि गांव गढ़ी केसरी की राजस्व संपदा में प्राप्टी डीलरों द्वारा अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। जिसे नष्ट करवाने के साथ-साथ वहां प्लाट बेचने वाले प्राप्टी डीलरों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवा दिया गया है। तोडफोड की कार्यवाही ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं विभाग की ईन्फोरसपमैन्ट टीम व पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अवैध कॉलोनियों में भूरूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदे। वहीं प्रोपर्टी डीलर भी अवैध कालोनी निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें अन्यथा विभाग की यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# दूषित पेयजल सप्लाई की शिकायत के बाद लिए सैंपल

## विधायक के आदेश पर प्रदूषण विभाग व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लिए सैंपल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**चार गांवो** से लगातार दूषित पानी सप्लाई होने की शिकायतें आ रही हैं। शिकायत पर विधायक निर्मल चौधरी के पास आई तो उन्होंने मामले को गंभीरता लेते हुए प्रदूषण विभाग को पेयजल सप्लाई के सैंपल लेने के आदेश दिए। विधायक के आदेश पर मंगलवार को प्रदूषण विभाग एसडीएम रविंद्र कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग के जेई अंकुश मलिक व अन्य कर्मचारियों ने भोगीपुर, राजलूगढ़ी, बड़ी व लल्हेड़ी



गांव में सप्लाई किए जा रहे पानी की सैंपल लिए। सभी सैंपल को जांच के लिए करनाल लैब में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि भोगीपुर, राजलूगढ़ी, बड़ी व लल्हेड़ी गांव में दूषित पेयजल आपूर्ति होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जो पानी सुबह व शाम सप्लाई किया जाता है वहमिट्टी युक्त होने के साथ ही बदबूदार भी है। जिस वजह से पीने का पानी को गांव में लगे सबमर्सीबल पंप व खेतों में लगे ट्यूबवैल से लेकर आने को विवश हैं। उन्होंने बताया कि दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों को भी अवगत करवाया है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व अधिकारी दूषित पेयजल आपूर्ति की तरफ कोई ध्यान नही दे रहे हैं।

**विधायक ने शिकायत पर दिए आदेश** गांवो में दूषित पानी सप्लाई होने की शिकायत ग्रामीणों ने विधायक से भी की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों जांच करवाने का आश्वासन भी दिया था। इसके बाद उन्होंने प्रदूषण विभाग को पानी सैंपल लेने के आदेश दिए। विधायक के आदेश पर दोनों विभागों के अधिकारियों ने मौकों पर जा कर पानी के सैंपल लिए हैं।

# वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

**सेवा अभियान**

**8 खंड संजोयक ने बताया की स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों व ग्रामीणों को जागरूक किया जा सकता**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**स्वच्छता ही** सेवा-कचरा मुक्त भारत अभियान के तहत उपायुक्त डॉ मनोज कुमार व डॉ सुशील कुमार मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सोनीपत के निर्देशन में खंड गन्नौर की ग्राम पंचायत गांव खेड़ी गुज्जर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव में खंड संजोयक ने बताया की स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों व ग्रामीणों को जागरूक किया जा सकता है। अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना हमारा पहला कर्तव्य है क्योंकि अगर हमारे गांव में साफ-सफाई रहेगी तो यहां पर बीमारियों भी कम फैलेंगी। इस मौके पर उन्होंने सभी को प्रण दिलाया कि वे अपने गांवों व घर को साफ सुथरा रखेंगे।

उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती तक पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत स्वच्छता को लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए स्वच्छता विषय पर अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी बाजार से सामान लाने के लिए कपड़े से बने थैले का प्रयोग करें ना कि पॉलिथीन।

# आरटीए विभाग ने 10 वाहनों को लिया कब्जे मे, सात लाख का किया चालान

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। वाहनों** में ओवरलोडिंग करने वालों के विरुद्ध अब परिवहन( आरटीए) विभाग सीघे कार्रवाई के मूड में है। भारी खनन पत्थरों, रोड़ी, रेत-बजरी के ओवरलोड वाहन जिला में दनादन चलने पर आरटीए विभाग नारनौल ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। यहीं वजह रही कि आरटीओ सचिव नारनौल राजकुमार की टीम ने रोड़ी व पत्थर से भरे 10 ओवरलोड वाहनों को चालान कर लगभग 7 लाख का जुमार्ना लगाया है। वहीं आगामी समय में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। गौर हो कि जिला की सड़कों पर ओवरलोड वाहन सरेआम दौड़ते नजर आ रहे रहे हैं। जिसकी जानकारी आम नागरिकों के द्वारा सोशल मीडिया व मिडिया के जरिए विभाग तक पहुंचाई जा रही थी। जिसके चलते जहां ग्रामीण सड़कों को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं ओवरलोड वाहनों द्वारा सरकारी राजस्व को भी चुना लगाया जा रहा है। आरटीओ सचिव राजकुमार ने बताया कि मामले को संज्ञान मे लेते हुए बिते कल सोमवार को 10 ओवरलोड वाहनों को कब्जे मे लेते हुए 7 लाख का जुमार्ना लगाया गया हैं। वहीं आगामी समय में भी यह कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग मुट्ठी भर कर्मचारियों के सहारे जिला में ओवरलोड और अन्य नियमों के विपरीत कार्यों में कार्रवाई कर रहा है। बहरहाल आरटीओ विभाग नारनौल ने 10 ओवरलोड वाहनों के चालान कर 7 लाख जुमार्ना किया है। इस बीच कस्बा निजामपुर स्वं. ताऊ देवीलाल चौक पर बीचो बीच दौड़ रहे ओवरलोड वाहनो को लेकर उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान मे है। जिस पर समय समय पर विभाग के कर्मचारियो के द्वारा कार्यवाही जारी है ओर आगे भी ये कार्यवाही जारी रहेगी।

### यादव महासभा सहित यूथ कांग्रेस में जिम्मेदारी सौंप बढ़ाया कृष्ण राव का कद

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल** । हाल ही में हरियाणा प्रदेश यूथ कांग्रेस द्वारा जॉन इंचार्ज की नियुक्ति की गई जिसमें हरियाणा यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण राव को रोहतक , पानीपत , गुरुग्राम , झज्झर व फरीदाबाद का जॉन इंचार्ज बनाया गया वहीं दूसरी तरफ यादव महासभा ने कृष्ण राव को युवा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है । इस अवसर पर कृष्ण राव ने बताया कि गत रविवार को गुरुग्राम के यादव भवन में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की पहली कार्यकारिणी बैठक रखी गई थी जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की थी।

# भगवान श्री गणेश की पूजा करने से कार्य होते सफल: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**रेलवे रोड** पर विश्वकर्मा मंदिर के सामने बनी मार्केट का नामकरण कर गणेश मार्केट रखा गया है। समस्त गणेश मंडली गन्नौर द्वारा मार्केट में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना कर विशाल भंडारा का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्होंने हवन यज्ञ में आहुति देने के साथ ही पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। कादियान ने कहा कि मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, खुशहाली, बुद्धि एवं



ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेश जी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री गणेश की पूजा करने से सभी कार्य सफल होते है और शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर संजय सोनिक, श्रीपाल, सचिन, बंसी मलिक, मुकेश शर्मा, मंजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी सबके दु:ख दर्द करते है दूर: निखिल मदान

## मेयर निखिल मदान ने शहरवासियों को दी गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मंगलवार को नगर** निगम मेयर निखिल मदान लाइन पार क्षेत्र के आर्य नगर में स्थानीय निवासियों द्वारा आयोजित गणपति स्थापना कार्यक्रम में पहुँचे। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने विघ्नहर्ता गणपति भगवान का आशीर्वाद लिया औ? भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और सभी भक्तजनों को गणेश चतुर्थी की बधाई दी। निखिल मदान ने कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व भगवान गणेश के जन्मोत्सव से जुड़ा है



औ? भारत मे गणपति स्थापना के साथ ये पर्व शुरू होता है और फिर गणपति विसर्जन के साथ सम्पन्न होता है। निखिल मदान ने कहा कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता माना जाता है और वो अपने सभी भक्तों के संकट दूर करते हैं।गणपति भगवान को रिद्धि सिद्धि और भक्तों को बुद्धि एवं समृद्धि देने वाले माना जाता है। साथ ही भारतीय पूजा पद्धति में सर्वप्रथम भगवान गणेश की ही पूजा की जाती है। मेयर निखिल मदान ने आर्य नगर की आयोजन समिति के सभी सदस्यों का उन्हें मान सम्मान देने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासी अनिल ने बताया कि उनकी सोसाइटी पिछले कई वर्षों से लगातार गणपति महोत्सव मना रही है। इस मौके पर निगम पार्षद नवीन तंवर,जिनेन्द्र जैन,राकेश कुमार,अनिल कुमार,सुधीर कुच्छल, सतीश वर्मा,राजेश वर्मा,सुरेंद्र हेली,सुशील शर्मा,अमित शर्मा,दिनेश शर्मा,राकेश,संतोष,संजीव वर्मा,नवीन,अमित आदि लोग मौजूद रहे।

### '25 सितंबर को सीकर में चौधरी देवीलाल जयंती पर मनाएंगे किसान विजय सम्मान दिवस'

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। जननायक** जनता पार्टी की सिंघाना रोड स्थित जिला कार्यालय में सीकर रैली की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने की। रैली में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को 25 सितंबर को सीकर में किसान विजय सम्मान दिवस पर ज्यादा से ज्यादा भीड़ एकत्रित करने का आह्वान किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि मीटिंग में उपस्थित कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने सीकर रैली को भव्य सफल बनाने का आश्वासन दिया तथा इसकी रणनीति तैयार की गई।

इस मौके पर जेजेपी के जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने कहा कि युग पुरुष चौधरी देवीलाल छत्तीस बिरादरी के नेता थे तथा उन्होंने सदैव कमेरे वर्ग के हितों की राजनीति की और आम आदमी के जनकल्याण की नीतियां लागू की। उन्होंने किसान हितों की लड़ाई लड़ी और किसानों के लिए कर्ज माफी योजना उन्होंने ही शुरू की थी। उन्हीं की नीतियों पर चलते हुए जेजेपी का गठन हुआ है तथा अब उनकी जयंती पर 25 सितंबर को सीकर में किसान विजय सम्मान रैली आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सीकर के सबसे नजदीक हमारा जिला पड़ता है। इसलिए हम सभी का फर्ज बनता है कि उस रैली में जिले से बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि इस रैली में जाने के लिए जिले की तरफ से वाहनों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी तथा सभी मिलकर इस रैली को कामयाब बनाएं। उन्होंने कहा कि इस रैली में गांव-गांव से बसें भरकर सीकर जानी चाहिए, जिससे राजस्थान में पार्टी की नींव मजबूती से रखी जा सके।

### आउटलाइन सिस्टम्स इंडिया, मोहाली ने गणेश चतुर्थी को खुशी और एकता के साथ मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/मोहाली**
**आउटलाइन** सिस्टम्स इंडिया गणेश चतुर्थी के अपने जीवंत उत्सव की घोषणा करते हुए उत्साहित है, एक ऐसा त्योहार जो 800 से



अधिक कर्मचारियों को खुशी और सद्भाव में एक साथ लाता है। आउटलाइन सिस्टम्स इंडिया के उत्सवों में पारंपरिक अनुष्ठान और पर्यावरण-अनुकूल पहल शामिल हैं, जो परंपरा और स्थिरता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। आउटलाइन सिस्टम्स इंडिया के सीईओ श्री अनिल शर्मा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "गणेश चतुर्थी हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने और हमारे कर्मचारियों के बीच एकजुटता की भावना को बढ़ावा देने का समय है।"

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में गणेश चतुर्थी पर स्कूल के छात्रों ने गणेश उत्सव की विभिन्न कहानी व फिल्म दिखाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**अपोलो इंटरनेशनल** स्कूल बड़ी में धूमधाम से गणेश चतुर्थी मनाई गई । जिसमें भगवान गणेश की नई मूर्ति की स्थापना की गई और उनके भजन अनेक कहानियों से बच्चों को प्रेरित किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित करते हुए , गणेश वंदना, गणेश आरती आदि पर नृत्य भी छात्रों ने किया। गणेश चतुर्थी पर नर्सरी कक्षा से



लेकर कक्षा पांचवी तक छात्रों को गणेश उत्सव की विभिन्न कहानियां पर आधारित एक फिल्म भी दिखाई गई , जिसमें बताया गया कि चंद्रमा को किस प्रकार से गणेश जी ने श्राप दिया था। छात्रों को संबोधित करते हुए पप्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने बच्चों को बताया- गणेश उत्सव क्यों मनाया जाता है व गणेश जी को बुद्धि का देवता क्यों कहते हैं। गणेश जी के दस नामों का स्मरण भी करते हुए" कोऑर्डिनेटर अनीता यादव' ने उनका उच्चारण करवाते हुए कहा कि -जो दस नाम का उच्चारण हमेशा लेते रहते हैं । उन पर कोई भी संकट नहीं आ सकता । इस शुभ अवसर पर स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद थे। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर पूरे विद्यालय में प्रसाद भी बांटा गया और बच्चों के हाथों में कलावा भी बांधा गया।

# 70 वर्षीय चौ. भरपूर इनेलो की 4 हजार किमी परिवर्तन पद यात्री रहे

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
**जिले** में अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव सागरपुर निवासी 70 वर्षीय चौ. भरपूर ने इंडियन नेशनल लोकदल के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व प्रधानमंत्री चौ.देवी लाल की जंयती पर कैथल में 25 सितंबर होने वाले समारोह के लिए गांव-गांव जा कर जनसपंर्क कर रहे है। चौ. देवीलाल को अपना आदर्श मानने वाले चौ. भरपूर सिंह ने इनलो की 4 हजार किमी. परिवर्तन पद यात्रा तय करने वाले सबसे बुजुर्ग यात्रियों में शामिल रह कर पदयात्री बनने पर पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला व पार्टी के प्रधान महासचिव अभय सिंह



चौटाला ने उसे सम्मानित किया है। परिवर्तन पद यात्रा नूंह जिले के सिंगार गांव से 24 फरवरी को प्रारंभ हुई थी जिसमें चौ. भरपूर सिंह शामिल हुए तथा 6 माह 10 दिन करने पर 4 सितंबर को अंबाला जिले में समापन हुई। पदयात्रा के समापन के बाद आगामी 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल की जंयती पर सम्मान दिवस को कैथल की अनाज मंडी में उनके किसान, मजदूर के विचारों, नीतियों को लागू करने करने के लिए देश भर के नेता शरीक होंगे। परिवर्तन पद यात्री चौ. भरपूर सिंह जिले से एक मात्र यात्री रहे जिन्होंने 4 हजार किमी. तथा 6 माह तक साथ रहे। पदयात्रा में 200 के करीब स्थायी पद यात्रियों के अलावा बड़ी संख्या में अनेक यात्रियों का प्रदेश क ी जनता ने जगह-जगह अभिनंदन किया। पदयात्री ने बताया कि परिवर्तन पद यात्रा महेंद्रगढ़ जिले में 27 मार्च को अटेली विधानसभा के कस्बे कनीना में प्रवेश कर 12 दिनों तक जिले के 4 हलकों से होते हुए दादरी में प्रवेश किया था। जिले में पदयात्रा का भारी स्वागत होने के साथ ताऊ देवीलाल के पदचिन्हों पर चल कर किसान-मजदूर व कमरा वर्ग का राज स्थापित करने का संकल्प लिया गया था। पदयात्री ने बताया कि जंयती पर सम्मान दिवस के लिए जिले के सभी गांवों में ज्यादा से ज्यादा लोगों के पहुंचने के लिए निमंत्रण दे रहे है। इनेलों की सरकार की बनने पर पहली कलम से बुजुर्गो की 7500 रुपए पेंशन, गृहणी को घर का खर्चा चलाने के लिए नमक-मिर्च के लिए 1100 रुपए तथा एक सिलेंडर, हर घर में एक रोजगार के अलावा बेरोजगारों को 21 हजार रुपए का भत्ता सहित अनेक जनकल्याणकारी कार्य किये जाएंगे। पदयात्री ने बताया कि 25 सितंबर को सम्मान दिवस के बाद प्रदेश में परिवर्तन यात्रा में बचे हुए गांवों को रथ यात्रा निकाली जाएगी।

# ठगों ने पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर इंजीनियर को लगाया 52 हजार रुपये का चूना

**फर्जीवाड़ा**

**8 बाद में उसके खाते से 3 बार अलग-अलग खातों में उसके रुपये ट्रांसफर कर लिए गए**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**गन्नौर सैनी** मोहल्ला के रहने वाले एक बीटेक इंजीनियर के साथ आनलाइन ठगी होने का मामला सामने आया है। ठगों ने पार्ट टाइम नौकरी का लालच देकर इंजीनियर 52 हजार रुपये ठग लिए। इंजीनियर ने इसकी शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में सैनी मोहल्ला निवासी अर्जुन ने बताया कि वह बीटेक इंजीनियर है और फिलहाल नौकरी की तलाश में है। 11 मई को उसके व्हाट्सएप पर स्नेहा नाम से एक मैसेज आया। मैसेज में उसे पार्ट टाइम नौकरी के बारे में बताया गया और उसे अच्छा मुनाफा दिलवाने की बात कही। जिस वजह से वह उनके बहकावे में आ गया। इसके बाद ठगों ने सैलरी कोड खोलने के लिए उसके पास टेलीग्राम आईडी से एक लिंक भेजा। उन्होंने कहा कि लिंक खोलने के बाद उसके पास जो ओटीपी आएगा वह उन्हें बताना होगा तभी उसका सैलरी कोड खुल पाएगा। जिसके चलते उसने लिंक खोल कर अपना ओटीपी ठगों को बता दिया। इसके बाद ठगों ने उसे पक्का विश्वास दिलवाने के लिए उसके पास पेटीएम से 150 रुपये भी भेजे, लेकिन बाद में उसके खाते से 3 बार अलग-अलग खातों में उसके रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। ठगों ने उसके खाते से कुल 52 हजार रुपये साफ कर दिए।

## संपादकीय

# सनातन है जीवन का आमंत्रण

**यह** भारत का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि सनातन और धर्म जैसे अत्यंत व्यापक आशय वाले सदाशायी विचारों को लेकर अर्थ का अनर्थ करने वाली चचाएँ चल रही हैं। इन अवधारणाओं का अवमूल्यन हो रहा है। पहले बिना जाने बूझे इन्हें विज्ञान विरोधी कहा गया था और उसे आडम्बर और ढोंग की श्रेणी में रख व्यर्थ मान लिया गया। भौतिक और आध्यात्मिक की दो श्रेणियाँ बनाई गई। इसके साथ यथार्थ और कल्पित का भेद किया गया। शरीर और आत्मा के रिश्ते को विच्छिन्न कर दिया गया। हो होता है उसका एक ही स्वरूप है। वह सिर्फ.वस्तु है । फलतः सब कुछ को वस्तु की श्रेणी में रखा गया । अब राजनीति की सहूलियत देखते हुए उसमें अनेक दूसरे दोष देखे जा रहे हैं। सनातन धर्म को लेकर उसे उसके मूल भाव से काट कर उस पर तोहमत जड़ कर उसकी छवि धूमिल करने की कोशिश हो रही है। इस तरह की कोशिश स्वस्थ और परिपक्व मानसिकता की जगह संकुचित मनोवृत्ति और धर्म तथा सनातन धर्म के वास्तविक विचार से अपरिचय को ही व्यक्त कर रही हैं। नई पीढ़ी के प्रबुद्ध और सुशिक्षित राजनेताओं से कदापि ऐसी आशा न थी। कदाचित यह हमारी शिक्षा से उपजी उस सतही सोच-विचार को व्यक्त करने वाली प्रवृत्ति का फल है जो सुनी-सुनाई बातों और नकल के भरोसे अपना काम चलाती है । उससे निकले महत्वाकांक्षी राजनीति के नए किरदारों को शब्दों के सही अर्थ और सही प्रयोग से कोई खास सरोकार नहीं है। इसकी कोई दरकार नहीं है। उनको इस बात की कोई चिंता नहीं है कि कही-सुनी जा रही बात में सत्य कितना है। उन्हें संभवतः जल्दी है क्योंकि राजनीति में जगह बनाने की हड़बड़ी है। उनकी दृष्टि सिर्फ मतदाताओं पर टिकी है और उनके तर्क का प्रयोजन सीमित और क्षणिक है। ऐसे में तात्कालिक हस्तक्षेप के लिए नेताओं द्वारा शब्दों और विचारों का मनचाहा अर्थ गढ़ने और अपने मनचाहे अर्थ को थोपने की तमाम चेष्टाएँ होती रहती हैं।

आज की भाषाई गतिविधियों में राजनीति के गलियारों में शब्दों के मनचाहा प्रयोग और दुष्प्रयोग का चलन सबका ध्यान आकर्षित कर रहा है। साल में लगभग लगातार होते रहने चुनाव टी वी चैनलों और दूसरे मीडिया के उपक्रमों पर ऐसे प्रयोग ज्यादा ही बढ़ते जा रहे हैं। कभी-कभी ये वातार्लाप निराधार आरोप प्रत्यारोप के बीच अवांछित अभिव्यक्तियों का रूप ले लेते हैं चाहे बाद में उसके लिए क्षमा-याचना ही क्यों न करनी पड़े। कहने के बाद वही लोग मुकरने लगाते हैं और यह कह कर अपना पिंड छुड़ाने लगते हैं कि मेरे वक्तव्य को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है या फिर मेरे कहने का यह आशय नहीं था, या उसे गलत संदर्भ में रख कर पेश किया गया है आदि आदि। बहरहाल शब्द और भाषा को लेकर जन प्रतिनिधियों के बीच गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने की घटनाएँ आज एक आम बात होती जा रही है। चूँकि भाषा एक बेहद लचीला संवाद-माध्यम है इसलिए बोलने में अनपेक्षित छूट ले लेना आसान होता है। भारतीय संविधान अपने नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। उस स्वतंत्रता का अभेद्य कवच सबकी मदद के लिए उपलब्ध रहता है और उसकी परिधि की व्याख्या की कोई सीमा भी तय नहीं है न हो सकती है।

# सनातन पर प्रहार की दुर्भाग्यपूर्ण राजनीति



राजेश माहेश्वरी

“ कांग्रेस के बड़े नेता खामोश हैं, क्योंकि उन्हें सनातनी वोट की दरकार है। बात विपक्ष के प्रलापों तक ही सीमित नहीं है। तमिलनाडु की दलित राजनीतिक पार्टी, विडूदलाई चिरुतैगल कच्ची (वीसीके) के मौजूदा अध्यक्ष तोल थिरुमावलवन लगातार सनातन विरोध की बात करते रहे हैं। उन्होंने सनातन के खिलाफ कई बड़े सम्मेलन आयोजित किए हैं। 2018 में पेरियार के स्मृति दिवस पर, थिरुमावलवन ने कहा था, सामाजिक न्याय की जीत होगी और हम उस दिन सनातन को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। उसके बाद, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले, थिरुमावलवन ने जनवरी में त्रिची में देसम कप्पोम नामक एक विशाल सम्मेलन आयोजित किया और कहा, सनातन खत्म होने पर ही भाईचारा कायम रहेगा। सनातनी ताकतों द्वारा इस देश को जो नुकसान हुआ है ”

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए गए बयान से विवाद की आंच पूरे देष तक पहुंच गई है। दरअसल, बीते एक सितंबर को मार्क्सवादी पार्टी से जुड़ा संगठन तमिलनाडु प्रगतिशील लेखक और कलाकार संघ की ओर से चेन्नई के कामराजार एरिना में सनातन उन्मूलन सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसमें भाग लेते हुए उदयनिधि स्टालिन ने भारतीय मुक्ति संग्राम में आरएसएस का योगदान शीर्षक से व्यंग्यचित्रों वाली एक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने सनातन धर्म और बीजेपी को लेकर भी भाषण दिया था। उदयनिधि स्टालिन ने अपने संबोधन में कहा था, इस सम्मेलन का शीर्षक बहुत अच्छा है। आपने सनातन विरोधी सम्मेलन के बजाय सनातन उन्मूलन सम्मेलन का आयोजन किया है। इसके लिए मेरी बधाई। हमें कुछ चीजों को खत्म करना होगा। हम उसका विरोध नहीं कर सकते। हमें मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना वायरस इत्यादि का विरोध नहीं करना चाहिए। उदयनिधि के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजुर्न खरगे के पुत्र, पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा और बिहार के षिक्षा मंत्री भी सनातन धर्म के विरोध में बयानबाजी की है। और ये सिलसिला थमने की बजाय लगातार बढ़ता ही जा रहा है। देश भर के हिंदू संगठनों के तमाम नेताओं और सदस्यों ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर उदयनिधि के बयान की निंदा की। इस मामले को लेकर राजनीति भी हो रही है। सनातन का शाब्दिक अर्थ है- शाश्वत या सदा बना रहने वाला, यानी जिसका न आदि है न अन्त। सनातन धर्म जिसे हिन्दू धर्म अथवा वैदिक धर्म के नाम से भी जाना जाता है। इसे दुनिया के सबसे प्राचीनतम धर्म के रूप में भी जाना जाता है। भारत की सिंधु घाटी सभ्यता में हिन्दू धर्म के कई चिह्न मिलते हैं। यह धर्म, ज्ञात रूप से लगभग 12000 वर्ष पुराना है जबकि कुछ पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हिंदू धर्म 90 हजार वर्ष पुराना है। सनातन धर्म के वैचारिक आधार वेद हैं। जब तुर्क और ईरानी भारत आए तो उन्होंने सिंधु घाटी से प्रवेश किया। सिंधु एक संस्कृत नाम है। उनकी भाषा में स शब्द न होने के कारण वो सिंधू का उच्चारण नहीं कर पाए, इसलिए उन्होंने सिंधु शब्द को हिंदू कहना शुरू किया। इस तरह से सिंधु का नाम हिंदू हो गया। उन्होंने यहां रहने वाले लोगों को हिंदू कहना शुरू किया और इसी तरह हिंदुओं के देश को हिंदुस्तान का नाम मिला। सनातन धर्म उस समय से है जब कोई संगठित धर्म अस्तित्व में नहीं था और क्योंकि जीवन जीने का कोई दूसरा तरीका नहीं था, इसलिए इसे किसी नाम की जरुरत नहीं थी।

इसके बाद धीरे-धीरे संगठित धर्मों का निर्माण हुआ। 19वीं सदी में और इसके बाद से सनातन धर्म का इस्तेमाल हिंदू धर्म को बाकी धर्मों से अलग एक धर्म के रूप में दशार्ने के लिए किया गया। कुमतिजन तो इस पर भी सवाल उठा सकते हैं। बहरहाल तमिलनाडु की द्रमुक पार्टी का एक युवा मंत्री सनातन के समूल उन्मूलन का आह्वान कैसे कर सकता है और वह कितना प्रभावी होगा? तमिलनाडु में हजारों हिंदू मंदिर हैं। असंख्य लोग शिव और उनके दर्शन के मतावलंबी हैं। सनातन को क्रूर और खूंखार आक्रांता और उपनिवेशवादी अंग्रेज भी विनष्ट नहीं कर पाए, तो आज स्वतंत्र भारत में कौन कर सकता है? वहीं कई मीडिया आउटलेट्स ने उदयनिधि के संबोधन की आलोचना करते हुए लिखा है कि इससे आने वाले दिनों संयुक्त विपक्ष यानी इंडिया गठबंधन को नुकसान हो सकता है। कई टीवी चैनलों पर इस तरह के डिबेट प्रोग्राम भी प्रसारित हुए हैं. लेकिन यह सब केवल उत्तर भारत में देखने को मिला है। जहां तक तमिलनाडु की बात है तो वहां लंबे समय से सनातन विरोधी राजनीति चली आ रही है. उदयनिधि के इस भाषण को उसी के एक हिस्से के तौर पर देखा गया है। द्रविड़ कषगम के संस्थापक नेता पेरियार ने हिंदू धर्म के खिलाफ कड़े विचार व्यक्त किए थे। वे जीवन भर हिंदू धर्म के उन्मूलन, रामायण के विरोध और मंदिरों के उन्मूलन पर लेख लिखते रहे। उनके बाद द्रविड़ कषगम और पेरियार के अनुयायी समय-समय पर ऐसे विचार व्यक्त करते आए हैं। पेरियार खुद को नास्तिक मानते थे और भगवान के अस्तित्व को खारिज करते थे। उस दौर को बीते सात दशकों से अधिक का समय गुजर चुका है। आज छुआछूत विरोधी कानून हैं। जातीय आरक्षण की व्यवस्था है, ताकि आर्थिक-सामाजिक विषमताएं मिट सकें। आध्यात्मिक आस्थाओं के संवैधानिक, मौलिक अधिकार हैं। ब्राह्मण से प्राचीन शूद्र तक आज की व्यवस्था में समान हैं, क्योंकि वे समान स्तरों, पदों और अवसरों पर मौजूद हैं। कथित दलित आज आईएएस, आईपीएस हैं, वैज्ञानिक हैं, सांसद-मंत्री हैं और देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं। लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और समानता के समान अवसर हैं, अधिकार हैं। पेरियार का कालखंड आज अप्रासंगिक है। यदि ऐसा नहीं होता, तो यह तमिलनाडु तक ही सिमट कर क्यों रह जाता? पेरियार की सोच वाली द्रमुक पार्टी भी चुनावी तौर पर पराजित हुई है। सनातन के समूल नाश की ऐसी हवा बही है कि बिहार में एक मंत्री ने रामचरितमानस को सायनाइड करार दे दिया। उप्र में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य मानस और सनातन धर्म पर अनर्गल अलाप करते रहे हैं। कांग्रेस के बड़े नेता खामोश हैं, क्योंकि उन्हें सनातनी वोट की दरकार है। बात विपक्ष के प्रलापों तक ही सीमित नहीं है। तमिलनाडु की दलित राजनीतिक पार्टी, विडूदलाई चिरुतैगल कच्ची (वीसीके) के मौजूदा अध्यक्ष तोल थिरुमावलवन लगातार सनातन विरोध की बात करते रहे हैं। उन्होंने सनातन के खिलाफ कई बड़े सम्मेलन आयोजित किए हैं। 2018 में पेरियार के स्मृति दिवस पर, थिरुमावलवन ने कहा था, सामाजिक न्याय की जीत होगी और हम उस दिन सनातन को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। उसके बाद, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले, थिरुमावलवन ने जनवरी में त्रिची में देसम कप्पोम नामक एक विशाल सम्मेलन आयोजित किया और कहा, सनातन खत्म होने पर ही भाईचारा कायम रहेगा। सनातनी ताकतों द्वारा इस देश को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करना हमारा कर्तव्य है।थिरुमावलवन ने 2021 विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में नारा दिया था, आओ सनातन को जड़ से उखाड़ें, चलो लोकतंत्र की रक्षा करें। कई अन्य अवसरों पर उन्होंने पार्टी स्वयंसेवकों से वादा किया है कि वे स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सनातन को उखाड़ फेंकेंगे। पिछले साल भी विडूदलाई चिरुतैगल कच्ची (वीसीके), डीएमके और कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा थी। उस वक्त बीजेपी ने कहा था कि कांग्रेस गठबंधन की एक पार्टी सनातन धर्म के विरोध की बात कर रही है. लेकिन थिरुमावलवन के भाषणों पर कोई बड़ी प्रतिक्रिया नहीं देखने को मिली थी। सनातन का विरोध की मानसिकता तो पुरानी है। लेकिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए सनातन पर लगातार कड़े प्रहार किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 सम्मेलन के बाद मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में एक चुनावी जनसभा में विपक्ष के सनातनी अपशब्दों को भारत की सभ्यता-संस्कृति और आस्थाओं पर हमला करार दिया। प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा कि विपक्ष सनातन की संस्कृति को खंड-खंड करने पर तुला है। इंडिया गठबंधन में षामिल अधिकतर दल उदयनिधि और गठबंधन में शामिल अन्य नेताओं के बयानों पर चुप है।

ऐसे में सनातन विरोधी बयानों पर ज्यादातर विपक्षी दलों की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।

चुनाव और राजनीति बुनियादी मुद्दों पर ही होनी चाहिए और कोई भी धर्म को गाली न दे सके, इसका प्रावधान हो। और इस प्रावधान को तोड़ने वाले के लिए उचित दण्ड की व्यवस्था भी होनी चाहिए।



## कविता

माँ मुझे जन्म देकर जिंदगी का
उजाला दिया,
इतनी शक्ति, ऊर्जा दी,पवित्र शब्द माँ पुकारता
हूँ

तेरे दूध की ही ताकत है माँ,बलवान हुआ,
तब जाकर देश की सीमा में,दुश्मन से टकराता
हूँ,

पिता के करारे थप्पड़ों से तेरे आँचल ने बचाया
मुझे,
तब तो देश के गद्दारो से, इनसानियत को
बचाता हूँ।

बेशकीमती है तेरे आंसू माँ,दूध तो अमृत गंगा
है,
उसी के दम पर सरहदों पर,दुश्मन का सर काट
पाता हु।

माँ तेरे दूध से तो मेरी दुनिया मेरी ताकत है
कायम,
तू है तो,कभी कृश्न, अर्जुन, भीम,कभी राम
बन पाता हु।

आज फिर नन्हा शिशु बना,आँचल में समेट ले
माँ,
फिर दुनिया की कुटिलता से परे नन्हा तेरा
कान्हा बन जाता हूँ।

संजीव ठाकुर

# मैं सांड हूँ ! जहाँ जाइएगा मुझे पाइएगा?

प्रभुनाथ शुक्ल

**हमारे** गांव-जवार में लठ्ठन गुरू का जलवा है। वह लम्बी कद काठी के गबरू जवान हैं। हालांकि उमर उनकी साठा है, लेकिन अपने को वह किसी गबरू जवान से कम नहीं समझते। फीट भर की हासिएदार मुंछे और छह फिट की लाठी रखते हैं। सिर पर कलकत्तईया गमछा और पूरेवदन पर पाव भर कड़वा तेल की मालिश करते हैं। जहाँ चाहते हैं वहीं मुंह मारते हैं और जिसको जो चाहें बोल देते हैं। लठ्ठन गुरू को लोग छुट्टे सांड के उपनाम से भी बुलाते हैं। वेचारे जुवान से थोड़ा पातर हैं, लेकिन गलत कभी बर्दास्त नहीं करते हैं। उनकी निगाह में अगर कहीं गलत दिख गया तो पूरे छुट्टे सांड बन जाते हैं। फिर उनकी निगाह में आने वाले की ऐसी-तैसी हो जाती है। इसलिए हमारे गांव-जवार में लोग उनका बड़ा अदब करते हैं। वैसी भी हमारी काशी तो सांडो की जन्म और कर्म स्थली है। काशी में जहाँ जाइएगा वहां बस सांड ही सांड ही पाइएगा। बाबा दरबार से लेकर गंगा घाट तक। चौराहे से लेकर सब्जी मंडी और गली तक सांड ही सांड दिख जाएंगे। कभी-कभी तो जब अपने पर उतर आते हैं तो पूरी सड़क और गली में जाम लग जाता है। ठेंगे से जाम लगे अलमस्त पागुर करते और बीच सड़क पर उंघते दिख जाएंगे। आप हॉर्न बजाइए या घंटा कोई फर्क नहीं। काशी वालों का जीने का अंदाज ही कुछ अलग है। यहाँ की विंदास जिंदगी सांड की मस्ती से कम नहीं है। क्योंकि यहाँ बाबा की कृपा बरसती है। वैसे भी यहाँ के साहित्यकार भी अपने नाम के आगे सांड लगाना नहीं भूलते हैं। राजनीति में भी यहाँ से जो चुनकर जाता है जाता है वह छुट्टा सांड हो जाता है। आप गलत मतलब मत लगाइएगा हमारे गांव-जवार में सांड बल और शौर्य का प्रतीक है। वैसे भी आजकल सांडों की कमी नहीं हैं। हर कोई सांड ही बनाना चाहता है। अब शेर उतना पसंद नहीं किया जा रहा जितना छुट्टा सांड। इसलिए हर कोई छुट्टा सांड ही बनाना चाहता है। वैसे भी हमारे यहाँ सांडो का आतंक है। लोकतंत्र में कुछ सियासी फैसलों की वजह से हाल के दिनों में सांडों की आबादी बढ़ी है। जिसकी वजह से सांडों का चरित्र अब इंसानों में घूस गया है। किसानों की फसल आराम से सांड चट कर जाते हैं। किसान अगर सांडो का विरोध करता है तो उसकी हड्डी-पसली तीतर-वितर हो जाती है। हुंकाराते और अखड़ाते सांड उसे छोड़ते नहीं हैं। वैसे भी सांड हमारी राजनीति का अहम मुद्दा है। चुनावी मौसम में तो सियासी सांडो और असली सांडो से कई बार हेलीपैड और चुनावी सभाओं में मुकाबला हो चुका है। सत्तापक्ष के अपने सांड और विपक्ष के अपने सांड हैं। बिनादल वाले भी खुद को स्वच्छंद सांड समझते हैं। चुनाव के बाद किसी दल का बहुत कम है तो ऐसी प्रजाति के सांड अवसर का लाभ उठाकर सम्बंधित दल के गले लग जाते हैं। अब आप इन्हें अवसरवादी सांड से परिभाषित मत कीजिएगा।

## विचार

# उदय कोटक और नरेश गोयल का फर्क समझिए

आर.के. सिन्हा

**पिछले** कुछ दिन पहले अखबारों में एक ही दिन दो खबरें बिजनेस के संसार से जुड़ी हुई छपीं। पहली खबर थी कि उदय कोटक ने अपना कार्यकाल पूरा किए बिना ही एक्सिस बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर पद को छोड़ने का फैसला किया। दूसरी खबर जेट एयरवेज के संस्थापक चेयरमेन नरेश गोयल की गिरफ्तरी से जुड़ी हुई थी। पर पहले बात कर लें उदय कोटक की। बकौल कोटक, एक्सिस बैंक में लीडरशिप का बदलाव सबसे जरूरी हो गया था और उन्होंने एमडी व सीईओ के पद से इस्तीफा देकर बदलाव की प्रक्रिया की शुरूआत कर दी है। उनका मौजूदा कार्यकाल 31 दिसंबर 2023 तक था, लेकिन अब उनका इस्तीफा 1 सितंबर 2023 से ही प्रभावी हो गया है। जब शिखर पर बैठे लोग अपना पद छोड़ने के लिए आसानी से तैयार नहीं होते हैं, तब उदय कोटक ने एक उदाहरण पेश किया है। दरअसल भारत में आर्थिक उदारीकरण ने सैकड़ों नौजवानों को आगे आने का मौका दिया। उनमें एक उदय कोटक भी थे। हालांकि उन्होंने सन् 1985 में 25 वर्ष की उम्र में ही मुंबई में तीन कर्मचारियों के साथ कोटक कैपिटल मैनेजमेंट फाइनेंस की स्थापना कर दी थी। हां, आर्थिक उदारीकरण ने उन्हें और उनके जैसे तमाम उद्यमियों को अपने जौहर दिखाने के अवसर दिए। उदय कोटक जब बैंकिंग संबंधी किसी मसले पर अपनी राय रखते हैं तो उसे सुना जाता है। उदय कोटक कहते थे कि मोदी सरकार को पर्यावरण के कारण अटके हुए प्रोजेक्ट को मंजूरी देनी चाहिए। प्रोजेक्ट को मंजूरी से आपूर्ति की दिक्कतें कम होंगी। वहीं सरकारी कंपनियों में गवर्नेंस को सुधारने पर जोर देना चाहिए। उदय कोटक के मुताबिक सरकार को जहां कारोबार चलाने में मुश्किल हैं वहां हिस्सेदारी बेच देनी चाहिए। भारत अब भी पीएसयू बैंकों के निजीकरण के लिए तैयार नहीं है कलेकिन, पीएसयू बैंकों के कामकाज के तरीके और गवर्नेंस में भी आमूलचूल बदलाव की जरूरत है। उदय कोटक के लिए सन् 1985 खास रहा था। उदय कोटक को अपना बिजनेस पार्टनर मिला। उनकी मुलाकात महिन्द्रा समूह के प्रमुखआनंद महिन्द्रा से हुई। वे उद्य की फाइनेंशियल सूझबूझ से ऐसे प्रभावित हुए कि उन्होंने चार लाख रुपए उन्हें निवेश के लिए सौंप दिए। उस दौर में चार लाख रुपये बड़ी राशि होती थी। उदय कोटक सन् 1991 में कोटक महिन्द्रा बैंक का पब्लिक इश्यू लेकर पूंजी मार्केट में आए। सन् 1998 में एसेट मैनेजमेंट कंपनी और जीवन बीमा क्षेत्र में कारोबार करने के लिए ओल्ड म्यूचुअल के साथ स्वतंत्र कंपनी स्थापित की। उदय कोटक को मुंबई के स्कूली जीवनके दौरान आभास हो गया था कि मैथ्स उनका सबसे प्रिय सब्जेक्ट हैं। उदय ने पढ़ाई पूरी करने के बाद पारिवारिक कारोबार से जुड़ने के बजाय हिन्दुस्तान लीवर ज्वॉइन करने का निर्णय लिया। उनके पिता नहीं चाहते थे कि गुजराती वैश्य परिवार का शिक्षित युवा अपना कारोबार करने के बजाय किसी दूसरे की नौकरी करे। उन्होंने अपने भाइयों से बात की। परिवार ने उदय कोटक को 300 वर्गफीट का छोटा सा ऑफिस स्वतंत्र कारोबार के लिए सौंप दिया। उदय कोटक चाहते तो अपने पुत्र को भी एक्सिस बैंक के बोर्ड में रखवा सकते थे, पर उन्होंने ये नहीं किया। इन सब वजहों से उदय कोटक भारत के सबसे खास उद्यमी के रूप में जगह बना सके। बेशक, वे भविष्य में भी देश को बैंकिंग सेक्टर को दिशा देते रहेंगे। अब बात उस नरेश गोयल की जिसने जेट एयरवेज स्थापित की थी। उन्हें भारत के एविएशन सेक्टर का सबसे खास चेहरा माना जाता था। नरेश गोयल को प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) की हिरासत में भेजे जाने से वे सब उदास हैं जो उन्हें जानते रहे हैं। जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को मुंबई की एक विशेष अदालत ने शनिवार को 11 सितंबर तक हिरासत में भेज दिया। उन्हें केनरा बैंक की शिकायत पर दर्ज 538 करोड़ रुपये की कथित बैंक फ्रॉड मामले में हिरासत में भेजा गया है। 74 वर्षीय गोयल को लंबी पूछताछ के बाद प्रिवेंशन ऑफ मनीलॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पतझड़ में त्वचा की देखभाल

शहनाज हुसैन

**पतझड़** आ गया है, बदलता मौसम सर्दी और गर्मी के बीच की कड़ी है / पतझड़ के मौसम में पत्तों के बदलते रंग, आसपास के वातावरण को और भी आकर्षक बनाते हैं। हालाँकि ऐसा नहीं है कि पतझड़ में केवल पत्तियाँ ही रंग बदलती हैं। आपकी त्वचा का रंग भी बदलता है/ तापमान में गिराबट के साथ ही पतझड़ के मौसम में अनेक त्वचा संबंधी समस्याएं भी आ गई हैं। इस मौसम में ठंडी, शुष्क हवा और बाताबरण में नमी के कारण त्वचा में नमी की कमी बनी रहती है, । पतझड़ के महीने में चलने वाली तेज हवा जहाँ सुबह.शाम को खुशनुमा बनाती हैए वहीं ये त्वचा में रूखापन भी पैदा करती है/ ठण्डी हवाओं के कारण होंठ बार.बार शुष्क हो जाते हैं/

त्वचा में नमी और कोमलता सौंदर्य का मूल आधार माना जाता है और इस नमी और कोमलता को इस मौसम में भी बनाये रखने के लिए विशेष देखभाल और घरेलू उपचार की आवश्यकता होती है/ हर व्यक्ति की त्वचा में नमी का पैमाना अलग.अलग होता है/ कुछ लोगों की त्वचा कम रूखी होती है और कुछ की अधिक/ मौसम के बदलाव के साथ भी शुष्कता कम या ज्यादा होती रहती है/ रूखापन बहुत ज्यादा होने लगे तो उपचार आवश्यक हो जाता है / कुछ घरेलू उपायों को अपना कर इस मौसम में त्वचा की समस्याओं से बचा जा सकता है और उनका इलाज किया जा सकता है।

यह जरूरी नहीं की त्वचा के देखभाल के लिए आप महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों का ही उपयोग करें बल्कि अपनी रसोई में रखे नींबू और कद्दू के मिश्रण का भी त्वचा में नमी को बनाये रखने के लिए बेहतर उपयोग किया जा सकता है / कद्दू विटामिन सी, ई, ए के साथ.साथ जिंक से भरपूर होता है, जबकि नींबू में विटामिन सी की एक मजबूत खुराक होती है।

वह न केवल आपकी त्वचा का रंग निखारते हैं बल्कि सर्वोत्तम पोषण भी प्रदान करते हैं। इसके अलावा यह अतिरिक्त सीबम को सोखकर आपकी त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं।

# एक-एक बूँद का हिसाब

डॉ. सुरेश कुमार

**न वह** सिगरेट पीता था। न शराब। न जुआ खेलता था। न कुछ। फिर भी वह मुझे मारता-पीटता था। मुझे आज पता चला कि कि मारने-पीटने का बुरी लतों से कोई संबंध नहीं होता। उसका संबंध तो कर्ता और कर्म पर निर्भर करता है। बहुत पहले व्याकरण में पढ़ा था - राम ने रावण को मारा। यहाँ राम अच्छाई रूपी कर्ता है जबकि रावण बुराई रूपी कर्म। मेरे मामले में बुराई रूपी कर्ता अच्छाई रूपी कर्म यानी मुझे मारकर भी परिवार के व्याकरण में सास-ससुर जैसे घटकों के बीच पुरुषत्व का व्याकरण सम्मत शुद्ध वाक्य बना बैठा है। मूँछ प्रधान परिवार में यही वाक्य शुद्ध कहलाता है। जबकि पल्लू ओढ़ने वाली पल्ला झाड़ने पर बोल्ड कहलाती है। पल्लू ओढ़ने वाली से यही अपेक्षा की जाती है कि वह झुकना, रोना, धंसना जैसे शून्य प्रेरणार्थक क्रिया शब्दों से बंधी रहे। यदि उसमें तनिक भी प्रथम प्रेरणार्थक क्रियाएँ जैसे झ झुकाना, रुलाना, धंसाना आदि का संचार हो जाए तो उसे घमंडी, विद्रोही, अलगाववादी की संज्ञा दे दी जाती है। मेरे जीवन में उसका जीवन है लेकिन उसके जीवन में मेरा जीवन कतई नहीं। वह जो हुक्म करता है मैं उसमें हामी भरती हूँ। उसकी नजरों में झ मैं औरत नहीं हूँ। पागल हूँ। मूर्ख हूँ। न समझने वाली नासमझ हूँ। फिर भी उसके साथ वोट देने जाती हूँ। संविधान में बराबर जो हूँ। किताबों में देवी कहलाने वाली अक्सर व्यवहार में दासी बनकर रहती हैं। शासन आचरण में शून्य और मखौल में सर्वोच्च होता है। साड़ी मैं पहनती हूँ रंग उसकी पसंद का होता है। खाना मैं खाती हूँ व्यंजन उसकी पसंद का होता है। मेरे बदन के हार्डवेयर में वह सॉफ्टवेयर बनकर बस गया है। न मर्जी से बैठ सकती हूँ। न उठ सकती हूँ। न चल सकती हूँ। न रुक सकती हूँ। केवल गाय की तरह सिर हिला सकती हूँ। वह भी ऊर्ध्वाधर, क्षितिजीय नहीं। वह मेरे बदन को छूकर समझता है कि वह पुरुष है। यह भ्रम न होता तो दुनिया कब की लिंगीय अनुपात का शिकार हो जाती। यह दुनिया बदन को छूने और आत्मा के अनछुएपन से ग्रस्त है स्त्री की आत्मा का अनछुआपन झूठे

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग बच्चों के अधिकारों को लेकर सजग



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा राज्य** बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों अनिल लाठर तथा श्याम शुक्ला द्वारा मंगलवार को बाल देख रेख संस्थान श्रद्धानंद संस्था तथा माता करतार कौर बाल कल्याण निकेतन संस्था का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बच्चों से उन्हें उपलब्ध करवाई जा रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। सभी बच्चे संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं से खुश पाए गए। बच्चों को सभी उत्तम सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान संस्था में बच्चों से संबंधित दस्तावेज, फाइल, रिकॉर्ड इत्यादि चेक किया गया, जिसमें जो भी कमियां पाई गई उनमें सुधार करने के निर्देश दिए गए। बच्चों को शारीरिक व मानसिक रूप से व्यस्त रखने हेतु बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने तथा वोकेशनल ट्रेनिंग भी करवाने हेतु निर्देश दिए गए। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष उमेश चांनना, तथा सदस्य निरुपमा सदर, बलराज सांगवान, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, डॉ.मनोज, मेडिकल ऑफिसर, डॉ.हवा सिंह, साइकोलॉजिस्ट, सुमन प्रोग्राम ऑफिसर, प्रवेश साइकोलॉजिस्ट, सुमन संरक्षण अधिकारी तथा संस्थाओं के प्रबंधक मौजूद रहे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'मधुर संबंध स्थापित करने की प्रेरणा देता है सम्वत्सरी पर्व'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री आत्म मनोहर** जैन आराधना मंदिर इंद्री रोड में सम्वतसरी पर्व की आराधना करते हुए महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने कहा कि जैन परंपरा में संवत्सरी महापर्व आध्यात्मिक पर्वों में सर्वोपरि है। पर्युषण पर्व के अंतिम दिन को सम्वत्सरी कहते हैं। एक वर्ष के पश्चात आने वाली तिथि, जब साधक विशेष रूप से आत्म-निरीक्षण कर मन, वचन और काया द्वारा किए गए पापों का प्रायश्चित एवं पश्चाताप कर आत्म-शुद्धि करता है, उसे सम्वत्सरी कहते हैं।
महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने कहा कि सम्वत्सरी के दिन के तीन व्यक्ति विशेष रूप से आध्यात्मिक साधनाएं करता है तथा बाह्य प्रवृत्तियों से सर्वथा निवृत्ति लेकर आत्मचिंतन एवं मनन करता है। वह आत्मलीन होकर निश्चल चित्त से धर्म की आराधना करता है। सम्वत्सरी पर्व का विशेष उद्देश्य

**आराधना**

**8 सम्वत्सरी पर्व का विशेष उद्देश्य है-अपने से रूष्ट लोगों से क्षमायाचना कर मैत्री के मधुर संबंध स्थापित करना है**

है-अपने से रूष्ट लोगों से क्षमायाचना कर मैत्री के मधुर संबंध स्थापित करना और वैर-विरोध को तिलांजलि देना।
उन्होंने कहा कि जीवन में भूलों का हो जाना स्वाभाविक है। मानव गलतियों का पुतला है, क्योंकि वह अपूर्ण है। केवल पूर्ण व्यक्ति ही गलती नहीं करते। गलती को स्वीकार कर लेना वीरता है तथा उसे न दोहराना विवेक है। दूसरों की गलतियों को क्षमा करना तथा अपनी त्रुटियों के लिए हृदयपूर्वक क्षमायाचना करना ही संवत्सरी पवार्राधना का विशेष उद्देश्य है।



उदारहृदयी लोगों के लिए क्षमा करना सुगम है, परंतु गलती करने वालों के लिए क्षमा मांगना कठिन है, क्योंकि वह क्षमा मांगने में लज्जा, हीनता, संकोच का अनुभव करते हैं तथा उनके अहम को ठेस पहुंचती है। अहम को विचलित किए बिना व्यक्ति महान नहीं बन सकता। तुच्छ हृदय के लोग क्षमा के दैवी गुण की महत्ता को नहीं समझ सकते। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने कहा कि क्षमाशील लोगों के लिए स्वर्ग के द्वार सदैव खुले रहते हैं। क्षमा न करने वाला व्यक्ति उस पुल को विध्वंस कर देता है, जिस पर कभी उसे भी चलना पड़ सकता है। भलाई का बदला बुराई से देना शैतानियत है, भलाई का बदला भलाई से देना मानवता है तथा बुराई का बदला भी भलाई से देना दिव्यता है। जब तक व्यक्ति अपने अपराधों के लिए क्षमा नहीं मांगता तथा दूसरों को क्षमा नहीं करता, तब तक उसका हृदय अशांत रहता है। क्षमा का विचार व्यक्ति के लिए एक सुंदर जगत का निर्माण करता है। वाद-विवाद करने की अपेक्षा दूसरों से अपने मन को मिला लेना श्रेष्ठ है।
उन्होंने कहा कि दोष को स्वीकार कर लेने पर आधी शुद्धि हो जाती है। दूसरे की गलती को ज्यादा तूल नहीं देना चाहिए, क्योंकि गलती हो जाना मानवीय स्वभाव है तथा क्षमा करना महानता का लक्षण है। अपने हृदय में किसी की गलती की स्मृति रखना ही उसके प्रति रोष का कारण बनता है। यदि ऐसा न किया जाए तो किसी से नाराजगी का कोई कारण नहीं बनता। यदि दुनिया के लोग व्यक्ति के दोषों को नहीं जानते तथा वह समाज में पवित्र व्यक्ति के रूप में बना रहता है तो भी उसे अपने प्रति ईमानदार होकर रहना चाहिए तथा अपने कृत पापों की प्रायश्चित द्वारा शुद्धि करनी चाहिए। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने कहा कि क्षमा दुर्बलों का नहीं, वीरों का आभूषण है। कायर न तो क्षमा मांग सकता है, न ही क्षमा कर सकता है। आत्मिक शक्ति एवं मनोबल के धनी लोग ही अपनी गलती की अनुभूति कर आत्मशुद्धि के लिए प्रयास करते हैं। क्षमा का आदान-प्रदान व्यक्ति के हृदय कोष को आह्लाद से परिपूर्ण कर देता है। दुनिया के सब प्राणियों से उसके मैत्री के सूत्र सुदृढ़ हो जाते हैं तथा वह निर्भय और निर्वैर हो जाता है। आज क्षमापर्व के इस पुनीत दिन प्रत्येक व्यक्ति को अपने हृदय से वैर.विरोध तथा विद्वेष को निकालकर प्रेम, मैत्री के प्रतिष्ठा करनी चाहिए, पर्व की आराधना सार्थक हो सकती है। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता के लिए बच्चों को किया जा रहा जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पुलिस अधीक्षक** शशांक कुमार सावन के कुशल कार्यकाल में प्रस्तावित रोड सेफ्टी क्विज कंपटीशन का आयोजन जिला लेवल पर किया जाएगा। यह रोड सेफ्टी क्विज कंपटीशन यातायात महानिरीक्षक के आदेश अनुसार किया जाएगा। जिला करनाल में इस क्विज कंपटीशन के लिए तैयारी जोरों पर है, जिसमें पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा जिला लेवल पर विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी स्कूलों और कॉलेजों का दौरा किया जा रहा है और कैंप लगाकर बच्चों को रोड सेफ्टी क्विज कंपटीशन में बढ़-चढकर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बच्चों को पुलिस टीम द्वारा यातायात के नियमों से अवगत कराया जा रहा। सडक सुरक्षा नियमों और विनियमों का पालन करके सडक दुर्घटना को रोकना ही सडक सुरक्षा है। सडक सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण कारक कुशल और सतर्क ड्राइविंग की आवश्यकता है, ताकि यात्री, पैदल यात्री और ड्राइवर सुरक्षित रहें। सडक दुर्घटनाओं से बचने के लिए बेहतर सडके विकसित करना भी महत्वपूर्ण है।
रोड सेफ्टी के इन्हीं महत्वपूर्ण नियमों से बच्चों को अवगत कराने के लिए जिला लेवल पर पुलिस द्वारा रोड सेफ्टी क्विज कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा।

## सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठः दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत द्वारा करनाल में संचालित विभिन्न कक्षाओं में से एक ग्रीन बेल्ट सेक्टर-13 में मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने पहुंचकर योगाभ्यास करवाया। उन्होंने योग साधकों को सूक्ष्म क्रियाओं, आसान और प्राणायाम का लाभ बताते हुए सभी अभ्यास करवाए।
उन्होंने कहा कि यदि शरीर व मन स्वस्थ नहीं है तो किसी भी लक्ष्य को पाना असंभव है। योग से शरीर और मन दोनों फिट रहते हैं। योग शिक्षक राजीव शर्मा, नरेश चौधरी,संगीता शर्मा और पूनम खन्ना ने भी योगाभ्यास करवाया। उन्होंने



साधकों को योगासनों के अभ्यास के दौरान सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया।
दिनेश गुलाटी ने कहा कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है, जो 12 योगासन से मिलकर बना है। योग की शुरूआत करने वालों के लिए यह सबसे बेहतर अभ्यास है। सूर्य नमस्कार के द्वारा सूर्य को नमन किया जाता है। यही एक ऐसा अभ्यास है जो संपूर्ण योग व व्यायाम का लाभ पहुंचाने में समर्थ है और योग अभ्यासी के शरीर को निरोग और स्वस्थ रखता है। इसे सभी आयु वर्ग के व्यक्ति कर सकते हैं।
उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार का अभ्यास करने से शरीर का वजन कम होता है। पाचन और भूख में सुधार होता है।
कब्ज की समस्या दूर होती है।
हड्डियों को मजबूती मिलती है।
शरीर में खून का संचार बढ़ता है और शरीर का कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसके अभ्यास से शरीर के विषैले तत्व शरीर से बाहर होते हैं। योग कक्षा में अंजू, मेघा, अनीता, नीरू, सरोज हर्षिका, वेद खन्ना, सगुन, रविन्द्र, परवीन, इंदर खट्टर आदि साधक मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडेटस को यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** पुलिस के थाना हाईवे प्रबंधक निरीक्षक दर्शन सिंह द्वारा दून वैली कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया।
उन्होंने बताया कि यातायात का पालन कर न केवल आप सुरक्षित रहेंगे, बल्कि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भी बहुत अधिक सहायता करते हैं। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को रोड साइन और स्पीड रिफ्लेक्टर, हेलमेट, सीट बेल्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कैडेट्स को सडक दुर्घटना में होने



वाली हर प्रकार की स्थिति तथा उसे बचने के लिए सडक सुरक्षा के बनाए गए नियमों को धारण करने के विषय में बताया और यातायात चालान के बारे में भी जानकारी दी गई। दर्शन सिंह ने कैडेट्स को पुलिस के कार्य और पुलिस की ड्यूटी व एक अच्छा नागरिक बनने का भी पाठ पढ़ाया।
उन्होंने कहा कि कम उम्र के बच्चे बिना लाइसेंस के वाहन चलाते हैं और उन्हें यातायात नियमों का ज्ञान भी नहीं होता, जो ऐसा करके दुर्घटनाओं को न्योता देते हैं और साथ में दूसरों की जान को भी खतरे में डालते हैं।

## योग स्वस्थ जीवन जीने की एक पद्धतिः शमशेर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पतंजलि** योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के अध्यक्ष सोम अरोड़ा के दिशा निर्देश में चलाई जा रही दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट में आज योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन नें योग प्रणायाम का सत्र लिया और योग शिक्षक एवं करनाल के जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुरिंदर नारंग ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। शमशेर सिंह नैन ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की एक पद्धति है। आज की भौतिक भागदौड़ को देखते हुए योग का अभ्यास अति आवश्यक है, क्योंकि सबसे बड़ा सुख शरीर का स्वस्थ होना है।

## 'किसान हितैषी होने का मात्र दिखावा कर रही है सरकार'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान हितैषी होने का दावा कर रही है। प्रदेश का धान उत्पादक किसान दोहरी मार झेल रहा है। एक तरफ सुंडिओ के प्रकोप के कारण धान में कई बार दवाइयों का स्प्रे करवा रहा है, दूसरी तरफ जिले में अफसर पैडी पॉलिसी आने का इंतजार कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि धान की सरकारी खरीद से करीब एक महीने पहले यह प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए थी। जो हालात हैं, उसे देखकर नहीं लगता कि धान की सरकारी खरीद समय पर शुरू हो पाएगी। धान की लिफ्टिंग के लिए टेंडर अभी तक नहीं हुए है। इस बार अधिकतर किसानों ने पीआर 26 किस्म का धान लगाया है, क्योंकि पीआर14 में पिछले साल बीमारी लग गई थी। इसके पकाव की तिथि 10 से 15 सितंबर है, लेकिन हरियाणा सरकार की धान की खरीद 1 अक्टूबर से शुरू करने की योजना है।
सुमिता सिंह ने सरकार से पहले भी अपील की थी कि राज्य में इस धान की खरीद 15 सितंबर से शुरू कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार एमएसपी से भाग रही है। अभी तक पैडी पॉलिसी जारी नहीं करना गलत है। किसान सरकार की मंशा समझ चुके हैं। मंडी में पीआर-26 की



आवक शुरू होने से पहले धान के सरकारी खरीद की प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए थी।
उन्होंने कहा कि पैडी पॉलिसी अभी तक जारी नहीं की गई। पैडी पॉलिसी आने के बाद ही राइस मिलर का रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। इससे साफ है कि सरकार की नीति व नीयत में खोट है। किसानों का पीआर-26 धान खरीद मंडी में 1600 रुपए क्विंटल तक पिट रहा है। इसके साथ नमी की अधिकता हो सकती है, इसलिए सरकार को धान की नमी का मानक 17 से बढकर 19 से 20 प्रतिशत किया जाना चाहिए अन्यथा पहले ही बाढ़ आदि से किसान परेशान है। धान समय से नहीं बिका तो फिर उसे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके साथ ही आढ़तियों व श्रमिकों को भी नुकसान होगा।

## कृपाल आश्रम राजीवपुरम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कृपाल आश्रम राजीवपुरम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। कैंप में लगभग 50 रक्तदाताओ ने रक्त दान किया।
विधायक कल्याण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीघार्यु की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान महा दान है। रक्त की दो बूंद से किसी जरूरत मंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इसलिए इस पुण्य



के कार्य में रक्तदान के लिए युवाओं को बढ़-चढकर अपना सहयोग देना चाहिए।
मगंलवार को कृपाल आश्रम राजीवपुरम में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस कार्यक्रम का दीप प्रचलित कर शुभारंभ किया गया और भारत माता को पुष्प अर्पित कर नमन किया। बाद में विधायक हरविंद्र कल्याण ने सभी रक्तदाताओ को बैच लगाकर उनका हौसला बढ़ाया और सर्टिफिकेट भी वितरित किए।
विधायक कल्याण ने कहा कि देश में हुए जी20 कार्यक्रम से देश का गौरव बढ़ा है। दूसरे देशों में भी भारत का डंका बजा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाना एक सहरानीय कार्य है और इस प्रकार के कार्यक्रमों में सभी को अपनी भागेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए।
इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार, भाजपा शक्ति केन्द्र प्रमुख योगेश भारद्वाज, ईश्वर शेरा, भूपेंद्र नोतना पार्षद, राकेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## क्रिकेटर सुमित नरवाल बने हाई परफॉर्मेंस ग्रुप में गेंदबाजी कोच

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**आईपीएल खिलाड़ी** सुमित नरवाल को उनकी काबिलियत को देखते हुए दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। क्रिकेटर सुमित नरवाल ने बताया कि दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें वर्ष 2023-2024 के लिए हाई परफॉर्मेंस ग्रुप में गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है।
सुमित नरवाल की क्रिकेट के प्रति गहरी पारदर्शिता के कारण ही नरवाल अकादमी की लडकी सुमन संधू का चयन हरियाणा महिला अंडर 23 राज्य टीम कैंप में हुआ। अकादमी से दो और लड़कियाँ पहले से ही अंडर-19 और अंडर-15 राज्य शिविर में थीं। इससे पूर्व उनकी ही अकादमी के तीन खिलाड़ी नवदीप सैनी, संजय पहल एवं लखविंद्र मैहला आईपीएल में राजस्थान रायल का हिस्सा बन चुने हैं।
सुमित नरवाल ने कहा कि भारत में क्रिकेट एक धर्म की तरह है और खिलाड़ियों को भगवान माना जाता है। यह भारत में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला खेल है और जब कोई बड़ा अंतर्राष्ट्रीय मैच हो रहा होता है तो लोग इसके लिए सबकुछ भूलकर मैच देखने को महत्व देते हैं।

## धान की सीधी बिजाई से होता है जल संरक्षणः डॉ. बलवान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय हिसार चौधरी चरण सिंह के कृषि विज्ञान केन्द्र ऊचानी ने धान की सीधी बिजाई पर जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया। यह आयोजन केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के सभागार में किया गया। इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के रजिस्ट्रार एवम विस्तार शिक्षा के निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल रहे। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बिजाई करके हम जल संरक्षण कर सकते हैं। धरती माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखकर ही हम सब किसान अच्छी पैदावार ले सकते हैं। धान की फसल की बजाय किसान मक्की या किसी दलहन की फसल ली जा सकती है। किसानों



को चाहिए कि वह अनेक प्रकारों से धरती की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं, चाहे वो गोबर की खाद डालकर, चाहे नैचुरल खेती से, चाहे फसल अवशेष प्रबधन करके। धान में कीटों की रोकथाम के उपाय डॉ. महा सिंह, कोऑर्डिनेटर, कृषि विज्ञान केन्द्र, करनाल ने विस्तार से बताया। धान अनुसंधान केंद्र, कौल के क्षेत्रीय निदेशक, डॉ ओपी लठवाल ने बताया कि धान की सीधी बिजाई तकनीक में फिलहाल कोई कमी नजर नहीं आ रही है।
सीएसएसआरआई के निदेशक डॉ. यादव ने बताया कि लवणता से संबंधित किसी प्रकार की समस्या का निदान के लिए यह संस्थान हमेशा तत्पर रहता है। कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत के संयोजक डॉ. गर्ग ने भी धान की सीधी बिजाई तकनीक की भूरी भूरी प्रशंसा की।
किसान कल्याण एवं कृषि विभाग के उप निदेशक वजीर सिंह ने धान की सीधी बिजाई पर हरियाणा सरकार को विभिन्न स्कीमों के बारे में बताया। डॉ. अंकुर चौधरी ने डीएसआर पर तथा डॉ. किरण खोखर ने मिट्टी पानी जांच के विषय में विस्तार से बताया। इस प्रोग्राम के स्टेज संयोजक डॉ. विजय कौशिक ने बताया कि जल संरक्षण आज की जरूरत है, विकल्प नहीं। अगर हम समय रहते नहीं जागे तो हो सकता है हमें जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।
उन्होंने बताया कि आज के इस किसान मेले में धान की सीधी बिजाई तकनीक से संबंधित उत्कृष्ट कार्यों के लिए 13 किसानों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### मथुरा में लैंड बैंक बढ़ाने, डेटा सेंटर का प्रस्ताव पास

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
लैण्ड बैंक बढाने के लिए जमीन क्रय करने के संबंध में जानकारी ली। जिस पर चर्चा करने के बाद मंडलायुक्त ने लैंड बैंक बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मथुरा में लगभग 350 हेक्टेअर भूमि खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी ने मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के सभागार में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 98वीं बोर्ड बैठक ली। मथुरा को डाटा सेन्टर हब बनाने पर चर्चा की गई, जिसमें मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि हमें बड़ी बड़ी कम्पनियों को उत्कृष्ट सुविधायें प्रदान करनी होंगी, जिससे वे अपना डाटा सेन्टर मथुरा में स्थापित करें। मथुरा एनसीआर के सबसे नजदीक है, इसलिए यहां पर डाटा सेन्टर की संभावनाऐं अधिक हैं। बैठक में मास्टर प्लान 2031 पर भी चर्चा की गयी। मास्टर प्लान में नक्शा अप्रूवल एवं विभिन्न प्रकार की जमीनें जैसे औद्योगिक क्षेत्र, आवासी क्षेत्र, नॉलेज पार्क, एग्रीकल्चर क्षेत्र आदि के विभाजन कार्यों में निरीक्षण करने के बाद संशोधन करते हुए मंडलायुक्त ने मास्टर प्लान को मंजूरी दी। मण्डलायुक्त ने वीसी एमवीडीए को सख्त निर्देश दिये कि मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के अंतर्गत अवैध निमार्णों पर कार्यवाही करें। अवैध कॉलौनी, भवन, कॉम्पलेक्स, मार्केट, शौरूम, कारखाने आदि को तत्काल नोटिस दिया जाये और नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने 15 दिनों में सभी अवैध निमार्णों को चिन्हित करते हुए सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। अवैध बड़ी कॉलोनियों पर कार्यवाही करें और कार्यवाही का प्रचार प्रसार करें, जिससे और लोग अवैध निर्माण न कर सकें। बोर्ड बैठक के पश्चात उन्होंने एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली, जिसमें मण्डलायुक्त द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि राया कट से मथुरा तक आने वाली सड़क को एक सप्ताह के अन्दर गढ्ढामुक्त किया जाये। जनपद में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लायें और समय एवं गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूर्ण करें। मडलायुक्त ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नियत समय तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा नहीं हुआ तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नगेन्द्र प्रताप, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, सचिव राजेश कुमार, ओएसडी प्रसून्न द्विवेदी, लोक निर्माण के अधिशासी अभियंता अजय कुमार, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### जनपद में 15 नवम्बर तक धारा 144 लागू

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में 15 नवम्बर तक धारा 144 लागू कर दी गई है। जिला मजिस्टेªट शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद में धारा 144 लागू की है। उन्होंने बताया कि 21 सितम्बर को ब्रजराज ठा. श्री दाऊजी महाराज बलदेव का छठ महोत्सव 23 सितंबर को श्रीराधाष्टमी 28 सितम्बर को ईद ए मिलाद, बारावफात, दो अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती, 23 अक्टूबर को महानवमी, 24 अक्टूबर को दशहरा (विजयदशमी), पांच नवम्बर को अहोई अष्टमी, 10 नवम्बर को धनतेरस, 11 नवंबर को छोटी दीपावली, 12 नवम्बर को दीपावली, 13 नवम्बर को गोवर्धन पूजा, 15 नवम्बर को भाई दूज (यमद्वितीया) पर्व मनाए जाएंगे। 28 अक्टूबर एवं 29 अक्टूबर को प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2023 का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतियोगितात्मक परीक्षाएं भी होनी हैं, मुख्य महाप्रबंधक (ह्यूमन रिसोर्स), इंडियन आयल कारपोरेशन मथुरा ने अपने पत्र 11 सितम्बर के द्वारा रिफाइनरी सम्बंधी कार्यों के सुगम संचालन के लिए धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा निर्गत करने का अनुरोध किया है। इस दौरान कतिपय व्यक्ति, संगठन, शरारती व समाज विरोधी तत्व जनपद में शान्ति, कानून व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों को पूर्व में चिन्हांकित कर पाना सम्भव नहीं है तथा समय भी कम है। अतः उनको नोटिस देकर सुनवाई कराना भी संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी किया गया। यह आदेश लोक व्यवस्था व लोक परिशान्ति बनाए रखने के हित में अपरिहार्यता के दृष्टिगत पारित किया जा रहा है। चूंकि यह आदेश जिन व्यक्तियों पर अभिप्रेत है, उन्हें चिन्हांकित कर पाना तथा उन्हें सुना जाना वर्तमान परिस्थितियों में सम्भव नहीं है तथा परिस्थितियां इस प्रकार हैं कि इस आदेश को प्रवर्तित किया जाना आवश्यक है। यह आदेश एक पक्षीय रूप से जारी किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

# ब्रजवासी घी के नाम पर खा रहे 'धीमा जहर'

## -मेवात से मथुरा में हो रही बड़े पैमाने पर मिलावटी घी की सप्लाई

**मिलावट**

**8 मिलावटी घी होने की आशंका में मिलावटी 400 लीटर घी कराया नष्ट कराया।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
इस तरह की कहावतें प्रचलित हैं कि कभी ब्रज में दूध दही की नदियां बहती थीं। यानी दूध दही प्रचूर मात्रा में मिलता था। मक्खन तो यहां के मंदिरों में प्रसाद के रूप में आज भी मिलता है। यह बातें पुरानी हैं, वर्तमान हकीकत इससे जुदा और दुखदाई है। ब्रजवासी अब घी के नाम पर मेवात का धीमा जहर खा रहे हैं। मेवात से भारी मात्रा में मिलावटी घी मथुरा और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई हो रहा है। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम प्रथम हष्टया मिलावटी घी होने की आशंका में मिलावटी 400 लीटर घी कराया नष्ट कराया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. गौरी शंकर के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी गजराज सिंह द्वारा सुबह मेवात से जनपद मथुरा में आपूर्ति किए जा रहे मिलावटी की सूचना मिलने पर टीम द्वारा एनएच टू पर एक गाड़ी में रखे हुए 400 लीटर घी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घी में रिफाइंड तथा एसेंस की गंभीर मिलावट परिलक्षित हो रही थी निरीक्षण के उपरांत एक नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया तथा मौके पर 400 लीटर घी को नष्ट कर दिया गया है।

**काले कारोबार की जड़ों पर होगा प्रहार**
जिस तरह से और जितनी मात्रा में घी को नष्ट कराया गया है इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने फैसला किया है इस कारोबार की जड़ों को खोदकर निकाला जाएगा। जिस कारोबारी का घी नष्ट कराया गया है उससे जानकारी जुटा गई है कि उसके द्वारा जनपद में कहां कहां घी की आपूर्ति की जाती थी। उन खाद्य कारोबारी पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---------------------

सभी खाद्य कारोबारियों से अनुरोध है कि वह गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पेयपदार्थ का ही विक्रय करें। यदि मिलावट की जाती है तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
**-डॉ. गौरी शंकर, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा**

# ग्रामीण बोले नाली बनने के बाद भी रहेगा जलभराव



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सेमरी गांव में सड़क किनारे दोनों साइड में नाली निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली के निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने नाली को मानकों के अनुरूप बनाने की मांग की है। सेमरी गांव में पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा नाली निर्माण कराया जा रहा है। निर्माणकार्य से ग्रामीण संतुष्ट नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यह गांव का मुख्य मार्ग है जो कि नेशनल हाइवे से कई गावों को जोड़ता है और प्रसिद्ध देवी माता मन्दिर को भी जाता है। इस मार्ग पर पिछले कई वर्षों से पानी निकासी नही होने से जलभारव रहता था। कुछ महीने पहले माता रानी मेले से पहले इस सड़क को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनवाया गया। अब सड़क के दोनों और विभाग के द्वारा नाली निर्माण किया जा रहा है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर अभिभावक बैठक



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर योग दिवस और अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया ।केंद्रों पर छोटे छोटे बच्चों को विभिन्न प्रकार के आसन करना सिखाए गए जिन्हें बच्चे सहजता से कर सकते हैं ।बच्चों ने इसका आनंद उठाया है और बड़ी आनंद और उत्साह के साथ आसन किए। योगासन के बाद उन्हें शारीरिक गतिविधि भी कराई गई साथ ।बच्चों को योग आसन और शारीरिक प्रशिक्षण के फायदे भी बताया गया। कार्यकताओं ने बच्चों और केंद्र पर उपस्थित उनकी माताओं को बताया कि मानसिक विकास के साथ साथ शरीर को स्फूर्ति देने के लिए शारीरिक गतिविधियां करना जरूरी है ।योग आसन से शरीर के साथ साथ मांसपेशियों और हड्डियों का भी व्यायाम होता है और इससे शरीर लचीला बनता है। योगा दिवस के बाद आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अभिभावक बैठक का भी आयोजन किया गया ।इस बैठक में बच्चों की माताओं, अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रतिदिन केंद्र पर भेजने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही साथ बच्चों को प्रतिदिन नहलाने धुलाने एवं घर एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री से पौष्टिक भोजन बनाकर बच्चों को खिलाने के संबंध में जानकारी दी गई ।गांवों में अधिकांश महिलाएँ छरू माह के बाद भी बच्चों को लंबे समय तक दूध पिलाती रहती है। इससे बच्चे की शारीरिक विकास की आवश्यकता के अनुरूप खाद्य पदार्थ नहीं मिल पाता है। ज्यादातर बच्चों को वहीं खाद्य सामग्री दी जाती है जो घर में बड़ों के लिए बनती है।

# संघ की समन्वय बैठक में शामिल होंगे अरूण कुमार

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह अरूण कुमार लखनऊ पहुंच चुके हैं। वह आज चिनहट के देवारोड स्थित होटल आयुष्मान ग्रैंड में संघ की समन्वय बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में सह सरकार्यवाह सरकार के कामकाज की समीक्षा करेंगे। समन्वय बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल भी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इससे जुड़े विविधि संगठनों के दोनों क्षेत्रों यानि पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे।

# वायु सेना के जवान सहित एक युवक यमुना में डूबे, गोताखोर व पुलिस कर रही तलाश



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन दर्शनार्थ आए दो युवक अलग अलग स्थानों पर यमुना स्नान के दौरान डूब गए। पुलिस और गोताखोरों के काफी प्रयास के बाद भी दोनो का कुछ पता नहीं लग सका। जिसमे से एक युवक वायु सेना का जवान है। बताया जाता है कि कानपुर निवासी अभिषेक सिंह अपने ममेरे भाई अविनाश पुत्र रामप्रताप सिंह निवासी उन्नाव के साथ वृंदावन दर्शनार्थ आया था। मंगलवार की सुबह दोनों युवक यमुना में बिहार घाट पर स्नान करने गए थे। उसी दौरान अविनाश अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। अभिषेक के शोर मचाने पर स्थानीय गोताखोर तत्काल मदद के लिए यमुना में कूद पड़े, लेकिन कोई पता नहीं लग सका।उसके बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद स्टीमर द्वारा पूरे क्षेत्र में रेस्क्यू किया गया। अभिषेक के अनुसार 24 वर्षीय अविनाश वायुसेना में जवान पद पर कार्यरत हैं और इन दिनों बेंगलुरु में तैनात हैं। वहीं एक अन्य युवक को नाविकों ने केसी घाट स्थित पांटून पुल के समीप डूबता देखा। जिसकी सूचना उन्होंने इलाका पुलिस दे दी है। नाविकों की माने तो यमुना किनारे पर एक हरे कलर का पेंट मिला है, जो की स्कूल की ड्रेस जैसा प्रतीत हो रहा है। जिससे डूबने वाले युवक की उम्र 15 से 16 साल प्रतीत हो रही है। पुलिस लगातार गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों की तलाश में जुटी हुई है।

# ब्रज में अब पर्यटकों की सुविधाओं पर दिया जा रहा जोर

**सहूलियतें**

**8 - 21.21 करोड़ के विकास कार्य किये स्वीकृत, गोल्फ कार्ट सहित कई दूसरी सहूलियतें जल्द मिलने लगेंगी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रज में अब पर्यटन बढाने के साथ ही पर्यटकों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के सभाकक्ष में मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में नगरीय अवस्थापना विकास निधि की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मथुरा वृंदावन को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित शहर बनाने के लिए लभगग 21.21 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्य अनुमोदित किए गये। इसमें ब्यूटीफिकेशन, आकर्षक लाइटिंग, जगह जगह हरियाली, फांउटेन लगाने के साथ साथ कई मॉडल रोड़, लाइट एंड साउंड शो, फूड हब के अलावा शहर की समस्त ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहरों से रूबरू कराने के लिए शानदार म्यूजियम इत्यादि के प्रस्ताव अनुमोदित किए गये। मथुरा, वृंदावन एवं गोवर्धन में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 20 गोल्फ कार्ट खरीदे जाएंगे। जिसकी लागत लगभग दो करोड़ होगी। इतना ही नहीं विभिन्न स्थलों पर 60 लाख की लागत से ई बाइक स्टैंड का निर्माण भी किया जाएगा। जवाहर बाग, मथुरा में लाइट एंड साउंड शो का प्रस्ताव भी अनुमोदित किया गया। वृंदावन में एक म्यूजियम बनाने का भी प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। जहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक मथुरा एवं वृंदावन से जुड़ी समस्त ऐतिहासिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहरों को एक छत के नीचे ही देख सकें एवं बृजक्षेत्र से जुड़ी हर इतिहास की जानकारी पा सकें। मथुरा वृंदावन को जोड़ती हुई पांच मॉडल रोड़ बनाने का भी प्रस्ताव रखा गया। इन मॉडल रोड़ पर भी खुबसूरत लाईटिंग, ब्यूटिफिकेशन, हरियाली विकसित करने एवं जगह जगह आकर्षित आकृतियां लगाई जाएंगी। मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने एमवीडीए उपाध्यक्ष को नगर निगम, पर्यटन एवं सहभागिता इत्यादि विभागों के साथ तालमेल बैठाते हुए सभी प्रस्तावों को जल्द अमल में लाने के लिए कहा। बैठक में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष नगेन्द्र प्रताप, सीडीओ मनीष मीना, नगर आयुक्त अनुनय झा, प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार, विशेष कार्य योजना अधिकारी एवं पर्यटन विभाग से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

**रंगबिरंगी रोशनी से जगमगायेगा शहर**
वृंदावन छटीकरा से ओमेक्स सिटी एवं चौतन्य विहार आवासीय योजना स्थित 100 फुटा रोड ग्रीन बेल्ट के प्रमुख मार्गो पर पेड़ों पर, मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि को जाने वाले प्रवेश मार्गों पर स्थित पेड़ों पर फसाड एवं बोलार्ड लाइटिंग की जाएगी। गोकुल बैराज से ललिता ग्रैंड होटल तक, मथुरा में नरहौली चौराहे से छावनी एरिया तक, अलीगढ़ तिराहे से सदर चौराहे तक, लक्ष्मी नगर तिराहे से बलदेव रोड तक और वृंदावन में गुर्जर रोड से गोपालगढ़ तक एलइडी लाइट लगाने का कार्य किया जाएगा। इन सभी कार्य लगभग 3.50 करोड़ की लागत से होंगे। मथुरा वृंदावन मार्ग पर स्थित वन विभाग की भूमि पर एक थीम पार्क विकसित किया जाएगा।

# मथुरा चिकित्सालय को राज्यपाल से मिला सम्मान



**चित्र परिचय-राज्यपाल से प्रमाण पत्र लेते हुए चिकित्सालय की अधीक्षिका डॉ. सुपर्णा राव तथा मुख्य प्रशासक सी. गुरुराज राव।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
टीबी मुक्त भारत अभियान तथा आयुष्मान भवः अभियान सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनन्दी बेन पटेल ने 17 सितम्बर को राजभवन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के गांधी सभागार में किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने जगद्गुरु कृपालु चिकित्सालय वृन्दावन को 850 क्षय रोगियों को सामुदायिक सहायता स्वरुप पोषण सामग्री वितरण के लिए प्रोत्साहन प्रमाण पत्र प्रदान किया।
जिसे चिकित्सालय की अधीक्षिका डॉ. सुपर्णा राव तथा मुख्य प्रशासक सी. गुरुराज राव ने स्वीकार किया। इसके अतिरिक्त 10 निक्षय मित्र एवं 10 जिला क्षय रोग अधिकारियों को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।
स्वास्थ्य राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मयंकेश्वर शरण सिंह एवं अन्य गणमान्य अधिकारी और अनेक विशिष्ट अतिथि भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। डॉ. श्यामा त्रिपाठी, डॉ. विशाखा त्रिपाठी, डॉ. कृष्णा त्रिपाठी के संरक्षण में जगद्गुरु कृपालु महाराज चिकित्सालय देश दुनिया मे अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है।

# नोटों के हार विक्रेता ने बाइक सवार तीन युवकों पर लगाया 20 हजार की ठगी का आरोप

**मुरादाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
मुरादाबाद के थाना कुंदरकी क्षेत्र में सोमवार को एक नोटों के हार विक्रेता से बाइक सवार तीन युवकों ने ?20,000/- की ठगी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित फल विक्रेता के अनुसार तीनों युवक दस हजार का हार और 10 हजार रुपये नोटों की गड्डी लेकर पेटीएम करने का भरोसा दिया था। जब तक हार विक्रेता को ठगी का अहसास होता आरोपित फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।
कुंदरकी क्षेत्र निवासी अखलाक की मेन मार्केट में हार की दुकान है। सोमवार शाम तीन युवक बाइक से हार लेने पहुंचे। उन्होंने अखलाक से 10 हजार का हार और 10 हजार के नए नोटों की गड्डी की मांग की।

# कपास के खेत में मिला जीजा के घर आये युवक का शव

**-गांव सोन में जीजा के यहां आया था मृतक युवक**
**-पुलिस बोली प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या संभव**



**मथुरा।** मगोर्रा क्षेत्र के गांव सोन में गांव के पास ही कपास के खेत में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। खेत में युवक का शव पड़ा होने की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। कुछ ही देर में गांव के लोग उस खेत की ओर दौड पडे जहां शव मिला था। खेत में युवक का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को भी दे दी। कुछ ही देर में मगोर्रा थाने से पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिस हालत में शव पडा हुआ था इससे यह प्रतीत हो रहा था कि युवक की पीट पीट कर हत्या की गई है। शव को कब्जे में लेने के बाद शिनाख्त के प्रयास शुरू किये। मृतक युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से कुछ ऐसे कागज मिले जिससे उसकी पहचान हो गई। युवक की पहचान 23 वर्षीय गोविन्द पुत्र कालीचरण निवासी गांव नगला मट्ठू खंदौली जिला आगरा के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक की हत्या होने की सूचना परिजनों को भी दे दी थी। मगोर्रा के गांव सोन में गोविंद आपने जीजा भोला के यहां आया था। ग्रामीणों में चर्चा है कि यहां उसके एक युवती से प्रेम संबंध थे। एसपी ग्रामीण त्रिगुण विसेन ने बताया कि प्रेम संबंध में हत्या की है। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा। एसएसपी शैलेश पांडेय ने कहा है कि मगोर्रा क्षेत्र के सोन गांव में एक शव मिलने की सूचना थी। प्राप्त सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। गांव से सटे कपास के खेत में शव पडा हुआ था। मृतक युवक की जामा तलाशी में जो कागज मिले उनसे मृतक की पहचान हुई। शव पर चोट पाई गई हैं।

# डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने लापरवाह अधिकारियों को दी चेतावनी



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार पूर्णतया कटिबद्ध है। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सरकार की मंशा के अनुरूप कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड तथा जनपद में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए, इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। समस्त अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि अपने अंदर इंप्रूवमेंट कर लें, जो जनता के हित में कार्य करने के लिए अधिकारियों को पत्र आते हैं, उसका समय अंतर्गत निस्तारण करें। पत्रों को अपने पास न रखा जाए, अधिकारियों को कार्य जनता के हित में, जनता की भलाई के लिए और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को जोड़ने के लिए मिले हैं। इन कार्यो पर ही अधिकारी अपना ध्यान दें और मनोयोग से कार्य करें।
जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में जिन अधिकारियों ने सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार नहीं किया, उसमें गंभीरता नहीं दिखाई ऐसे अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त की। श्री सिंह ने यह भी कड़े निर्देश दिए कि जो अधिकारी अपने कार्यों से बचने का प्रयास करेंगे या कार्यों के प्रति उत्तरदाई या गंभीरता प्रदर्शित नहीं कर पाएंगे ऐसे अधिकारियों के खिलाफ उनके उच्च अधिकारियों को भी लिखा जाएगा। जिलाधिकारी को विभागीय अधिकारी संतोषजनक उत्तर नहीं दे पा रहे हैं, जिस पर काफी नाराजगी व्यक्त की।
जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए अधिकारियों को टीम भावना के रूप में काम करना चाहिए और अपने जनपद की रैंकिंग में सुधार किया जाए। अपने विभाग से संबंधित योजनाएं अधिकारियों के कंठस्थ होनी चाहिए, अपने दायित्वों को गंभीरता के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें। कन्या सुमंगला योजना में प्रगति कर लाभार्थियों की संख्या बढ़ाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, डीसी मनरेगा दुष्यंत सिंह, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, पीड़ी अरुण कुमार उपाध्याय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अजय कुमार वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कान्हा की नगरी में रही चट्टा चौथ की धूम



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कान्हा की नगरी में गणपति बप्पा मोरया की धूम रही। घर घर गणेश भगवान को विराजमान किया गया। पिछले कई दिनों से लोग बाजार से गणेश जी की मूर्तियां खरीदने में लगे थे। शहर में गणेश पडला सजाये जाने का रिवाज अब चल निकला है। यह नया है लेकिन लोगों में इसका क्रेज लगातार बढ़ रहा है। शिक्षण संस्थानों में भी बुद्धि के देवता गणेश जी का पूजन अर्चन हुआ। बालाजीपुरम सारंग विहार मार्ग स्थित सैनी आरबी सिंह आरबीएस नेशनल पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक डा.के उमराव विवेकनिधि, भगवती देवी, जयाज्ञ गप्ता, सुमन, निधि, पूजा, राखी, पिंकी, प्रिया आदि मौजूद रहे। वृंदावन स्थित लोई बाजार में गणेश चतुर्थी पावन पर्व पर श्री गणपति सेवा समिति के तत्वाधान में चल रहे 14 वें गणपति महोत्सव के प्रथम दिन वैदिक मन्त्रोंच्चारण के मध्य गणपति की प्राण प्रतिष्ठा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया इसके साथ ही पूरे बाजार को रंग बिरंगी छतरी एवं सजावट कर भव्य रूप दिया गया। चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज में आज संकट मोचन एवं विघ्नहर्ता भगवान गणेश चतुर्थी का त्यौहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेशजी की प्राण प्रतिष्ठा एवं गणेश वंदना के साथ हुई। प्रधानाचार्य डॉ. राकेश कुमार माहेश्वरी ने बताया कि सभी लोग 10 दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत भगवान गणेश की पूजा पाठ से करते हैं जो कि अनंत चतुर्दशी तक चलता है। सभी घर परिवार में सुख शांति के साथ समृद्धि की कामना करते हैं।

# पहली रोटी गाय के नाम के रूप में शुरू की अनूठी पहल

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जारी सेवा पखवाड़ा के तहत की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुख्यमंत्री मनोहर** लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं साथी फाउंडेशन के चेयरमैन राजीव जैन ने अपने संगठन के बैनर तले पहली रोटी गाय के नाम रूपी अनूठी एवं अनुकरणीय मुहिम की शुरूआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत यह विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से नई पीढ़ी को गौमाता की सेवा के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा। पहली रोटी गाय के नाम अभियान की शुरूआत मामचंद पब्लिक स्कूल में रोटी बॉक्स स्थापित करने के साथ की गई। इस प्रकार के बॉक्स अन्य स्कूलों में भी स्थापित किये जायेंगे। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव



जैन के अनुसार स्कूलों में बॉक्स स्थापित करने के पीछे पुनीत उद्देश्य है कि स्कूली विद्यार्थियों को गौमाता की सेवा के लिए प्रेरित किया जाए। बच्चों को अभी से इस प्रकार के संस्कार दिये जायें कि वे गौमाता का आदर-सत्कार व सेवा करें। यह भारतीय संस्कृति का अटूट अंग है। इससे बच्चों में संस्कारों का समावेश भी होगा। साथी फाउंडेशन के चेयरमैन राजीव जैन ने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया है कि वे अपने घर से एक रोटी लाकर बॉक्स में डालें। रोटियों को एकत्रित करने के उपरांत फाउंडेशन के कार्यकर्ता उन रोटियों को गौशालाओं में पहुंचायेंगे। इस प्रकार यह नियमित कार्य रहेगा, जिसमें विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका रहेगी। इससे गौशालाओं में भी रोजाना गायों के लिए रोटियों का प्रबंध सरलता के साथ होगा। सबके एकजुट प्रयासों से यह मुहिम बेहतरीन परिणाम देगी, जिससे सडकों पर गौवंश को छोडने पर भी रोक लगाने में मदद मिलेगी। धीरे-धीरे इस अभियान को विस्तार दिया जाएगा। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति का आधार है। भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। माता के रूप में गाय पूज्य है। किंतु आधुनिकता के दौर में पश्चिम के दुष्प्रभाव के चलते लोगों की यह भावना धूमिल हुई है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पुनः मजबूती देने का काम किया है। हरियाणा में गौवंश के संरक्षण के लिए गौ सेवा आयोग का गठन किया गया है।
कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं, जिससे गौवंश के संरक्षण व सेवा को बल मिला है। लोगों में फिर से गौमाता की सेवा की भावना पैदा हुई है। आम जनमानस बढ़-चढकर गौमाता की सेवा कर रहे हैं। इसी कड़ी में हमने भी पहली रोटी गाय के नाम रूपी अभियान का आगाज किया है। इस अवसर पर सुरेश कथूरिया, सुजीत राठी, कुलदीप, हंसराज एवं समस्त स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत जुड़वा बहनों ने विद्यालय में तुलसी का पौधा रोपण किया

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़। राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाढोत में प्राचार्य अजीत सिंह यादव अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन संपूर्ण स्वच्छता अभियान की शुरूआत की मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी उपमंडल कोऑर्डिनेटर एवं इको क्लब प्रभारी राजेश शर्मा झाड़ली ने बताया कि केंद्र सरकार हरियाणा सरकार जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश अनुसार मिड डे मील योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण हार एवं स्वस्छ भारत मिशन पखवाड़ा के तहत संपूर्ण स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में जुड़वा बहनों ने विद्यालय में तुलसी का पौधा रोपण करके स्वच्छ मिशन भारत को सफल बनाने में अपना योगदान दे मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम के सदस्य एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी उप मंडल कोऑर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत राज्य के सभी विद्यालयों में जिला व खंड स्तर पर जिन बेटियों का जन्म दिवस आज है उनका विशेष रूप पर मनाया जाए इसी कड़ी के साथ आज विद्यालय में कक्षा नौवीं की छात्रा वंशिका, टीना, टिंकू व सातवीं कक्षा की छात्रा मीनाक्षी का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया इसी कड़ी में विद्यालय के हर्बल पार्क में बेटियों के द्वारा औषधीय पौधा तुलसी का रोपण किया गया इसी कड़ी में प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में कहा पहले हमारे ऋषि मुनि औषधि पौधों से ही अपनी बीमारियों का इलाज करते थे इसी के साथ ही विद्यालय में जल संरक्षण के बारे में विशेष प्रकाश डाला गया उन्होंने बच्चों से आवाहन किया है कि आप पानी की एक-एक बूंद को बचाए अधिक पेड़ लगेंगे अधिक वर्षा होगी जल का स्तर ऊंचा होगा इसी के साथ ही उन्होंने पॉलिथीन मुक्त भारत पॉलिथीन हमारे जीवन में बहुत ही हानिकारक है आप पॉलिथीन का प्रयोग ना करें सब्जी लाते समय या अन्य वस्तु आदि समय कपड़े का बैग का प्रयोग करें।

### गुरुद्वारा बादशाही बाग अंबाला में लगाया बाग : विनर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**



**गुरुद्वारा बादशाही बाग** अंबाला में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने गुरु साहिब के चरणों में अरदास उपरांत पेड़ लगाकर बाग लगाने की सेवा बाबा मंजीत सिंह गंगा नर्सरी वालो को सेवा सौंपी इस मौके उन्होंने कहा कि गुरु साहिब के उपदेशों पर चलते हुऐ बाग लगाने की सेवा शुरु की हे जिससे गुरुद्वारा साहिब की सुंदरता बढ़ेगी उसके साथ साथ पवन हवा भी शुद्ध होगी गुरु साहिब ने भी पवन को गुरु का दर्जा दिया हे इससे पहले प्रधान साहिब वे उनकी पूरी टीम ने गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब में बाबा मखन शाह लुबाना न्यूयॉर्क गुरुद्वारा की और से हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट के सेहयाग में गुरु लाधो दिवस मनाया गया जहां पर भी माथा टेका इस मौके पर जर्नल सकतर सरदार रमणीक सिंह मान जनरल सेकेट्री ने कहा की पेड़ लगाने से वातारण शुद्ध होता है।
जब गुरु गोबिंद सिंह जी यहां पर आए थे उस समय बी यह पर एक बाग था तभी से इस गुरुद्वारा साहिब का नाम बदशीबाग के नाम से प्रसिद्ध हे यहां पर देश विदेशों से सांगते आकर माथा टेक कर गुरु साहिब से खुशियां लेते हे इस मौके पर मोहनजीत सिंह जॉइंट सेकेट्री , सरदार विनर सिंह अंतरिंग कमेटी मेंबर , सरदार गुरबक्श सिंह अंतरिंग कमेटी मेंबर , सरदार टी पी सिंह मेंबर, प्रधान दलेर सिंह गुरुद्वारा न्यूयॉर्क , राजपाल सिंह सेकेट्री, अर्शदीप सिंह मेनेजर गुरुद्वारा मंजी साहिब अंबाला , सरदार लखबीर सिंह असंध सरदार सिंदर सिंह पूर्व प्रधान गुरुद्वारा डेहरा साहिब असंद, सरदार जोगा सिंह बिलोना

# नगर परिषद के कर्मचारियों ने काले झंडे लेकर किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी नगर परिषद कार्यालय परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि काले बिल्ले लगाते हुए झण्डे लेकर छावनी के विभिन्न बाजारों से निकले। उन्होंने बताया कि 29 अक्तुबर 2022 और 5 अप्रैल 2023 को सरकार के साथ एक समझौता हुआ था लेकिन उससे लागू नहीं किया गया। इसलिए वह प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं।

# 'सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची जल्द हो तैयार'



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** के डीसी ने अपने कार्यालय में हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति की मतदाता सूचि बनाने के विषय को लेकर सम्बधिंत आरओ एसडीएम एआरओ बीडीपीओ व अन्य सम्बधिंत अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए मतदाता सूचि को जल्द से जल्द तैयार करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर 25 सितम्बर को समीक्षा बैठक लेकर जानकारी भी हासिल की जाएगी। डीसी ने हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति की मतदाता सूचि के विषय के तहत सम्बधिंत आरओ ;एसडीएमए एआरओ ;बीडीपीओ से

**मंथन**
**8 बैठक लेकर मतदाता सूची बारे संबंधित को अवगत करवाते हुए अपनी वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें**

कितने फॉर्म प्राप्त हुए है और कितनों का वितरण किया जा चूका है उसकी समीक्षा करते हुए विस्तार से जानकारी हासिल की।
उन्होंनें कहा कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति के चुनाव से सम्बधिंत मतदाता सूचि के कार्य को हमें प्राथमिकता के आधार पर बेहतर समन्वय के साथ करना सुनिश्चित करना हैं। उन्होंने कहा कि सम्बधिंत आरओए एआरओ अपने-अपने क्षेत्रों के तहत गुरूद्वारा प्रबन्धंको के पदाधिकारियों, पटवारी व ग्राम सचिवों की बैठक लेकर मतदाता सूची बारे संबंधित को अवगत करवाते हुए अपनी वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें।
उन्होंनें कहा कि वोट से सम्बधिंत कार्य के लिए निर्धारित फॉर्म अनुसार सम्बधिंत एक केशधारी सिख हो, वह दाढी या केशों को न कटवाता हो,
धूमपान नहीं करता या किसी भी रूप में कुथा, हलाल मास का प्रयोग नही करता, मादक पेय नहीं लेता, पतित नहीं हूं, एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो।

# शनिवार 23 सितंबर को गांव कवी में होगा जिला प्रशासन का जनसंवाद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**जिला प्रशासन** का जन संवाद कार्यक्रम अबकी बार शनिवार 23 सितंबर को गांव कवी में होगा जिसमें जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ-साथ सभी विभाग अध्यक्ष मौके पर मौजूद रहेंगे और लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।



अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कवी गांव में करवाए जा रहे जन संवाद में सभी विभागों के अध्यक्ष उपस्थित रहने अनिवार्य हैं। इसके साथ-साथ वहां जो विकास कार्य करवाए जाने हैं उनकी लिस्ट तैयार कर लें। इसके साथ-साथ जन संवाद से पहले वहां पर मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी निरीक्षण कर लें, गांव में साफ सफाई इत्यादि अच्छी तरह से करवाई जाए। एडीसी वीना हुड्डा ने कहा कि कवी गांव में जो गालियां बनवाई जानी हैं और जो रिपेयर होनी हैं उनकी लिस्ट तैयार कर ले।

# सिंगल यूज प्लास्टिक को इस्तेमाल न करने और पर्यावरण को साफ रखने के भाव के साथ की

**टीम एक्सन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**एसडी पीजी** कॉलेज के एनएसएस कार्यकर्ताओं ने उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान की विधिवत शुरूआत सिंगल यूज प्लास्टिक को इस्तेमाल न करने और पर्यावरण को हमेशा साफ रखने के भाव के साथ की। इसके साथ पर्यावरण संरक्षण और इसकी सुरक्षा को लेकर सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसे प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने संबोधित किया। उनके साथ कॉलेज में



एनएसएस प्रभारी डॉ.राकेश गर्ग, डॉ.मुकेश पुनिया, डॉ.एसके वर्मा मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति सभी की चेतना को जागृत करना है। हमें अपने चारों ओर के वातावरण को स्वच्छ रखने का तथा उसे जीवन के अनुकूल बनाए रखने का प्रयास निरंतर करना होगा। पर्यावरण और आस-पडोस की स्वच्छता का समस्त प्राणियों के जीवन तथा इस धरती के समस्त प्राकृतिक परिवेश से घनिष्ठ सम्बन्ध है।

### अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन पानीपत**
**सीआईए वन** पुलिस टीम ने असंध रोड पुल के नीचे एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अंकित निवासी ईदगाह कॉलोनी के रूप में हुई। उनकी टीम सोमवार देर शाम गश्त के दौरान असंध रोड पुल के नीचे मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक इदगाह कॉलोनी की और से पैदल पैदल आ रहा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। कुछ देर बाद पुलिस टीम को सामने से संदिग्ध किस्म का एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने पास आने पर युवक को काबू कर तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी हुई पेंट की जेब से अवैध एक देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुआ।

# सीएम फ्लाइंग की स्वास्थ्य विभाग पर रेड, कई नही मिले ड्यूटी पर

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**मंगलवार** को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फिरोजपुर बांगर सोनीपत की कर्मचारियों के समय पर न आने की गुप्त सुचना के आधार पर मुख्यमंत्री उडनदस्ता की टीम में सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, सब इंस्पेक्टर श्रवण कुमार, एएसआई सत्यनारायण, मुख्य सिपाही राजेश सामुदायिक केन्द्र फिरोजपुर बांगर पहुँचे। जहाँ पर उन्हें एस एम ओ डॉ अदिती गर्ग हाजिर मिली। मंगलवार को सीएचसी फिरोजपुर बांगर में औचक निरिक्षण के दौरान कुल दो रेगुलर कर्मचारी डॉ



सुनील डेन्टल सर्जन व नर्सिंग सिस्टर दर्शना के साथ साथ 6 फार्मसी ट्रैनिंग स्टूडेंट अंकित राणा, भुपेन्द्र, अभिषेक, करण, हर्प कम्पुटर ट्रैनिंग, ममता ब्रिडिंग चैकर गैर हाजिर पाए गए है। सीएचसी फिरोजपुर बांगर में रेडियोग्राफर सुनील सीएचसी जुआं से सप्ताह में दो दिन बुधवार व शुक्रवार को आता है। किन्तु एक्स रे रूम के बाहर पुराने रोस्टर के हिसाब से मंगलवार व वीरवार का पोस्टर चिपकाया हुआ था। जिसकी वजह से एक दो मरीज भी आए हुऐ थे। जिसको मौके पर उपचार दिया गया। सीएचसी में वाथरुम में सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई तथा सीएचसी में चार / पांच कमरो की बिल्डिंग जर्जर हालत में है। सीएचसी में दो बायोमैट्रिक मशीन है जिसमें से एक बायोमैट्रिक मशीन का सोफटवेयर फिलहाल खराब है। कर्मचारियों द्वारा बायोमैट्रिक मशीन मे हाजरी लगाई जाती है।

# मंडियों में धान की आवक शुरू, मंडी में अभी तक प्रशासन की तैयारियां ढीली

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अम्बाला शहर** की नई अनाज मंडी में जहां एक तरफ धान की आवक शुरू हो गई है तो वहीं मंडी में अभी तक प्रशासन की तैयारियां ढीली दिखाई दे रही है।
अम्बाला में बीते दिनों बरसात के कारण मंडी में पड़ा धान भीग गया था। ऐसे में किसानों का कहना है कि धान की आवक जैसे जैसे बढ़ेगी वैसे वैसे धान को रखने के स्थान को निर्धारित करना मुश्किल होगा। वहीं अम्बाला के गांव साभापुर से आए किसान दविंद्र सिंह ने कहा कि



सरकार को जल्द से जल्द धान खरीदारी करें जिससे किसान भी अपने खर्चों का वहन कर सके। दविंद्र ने कहा कि जब तक मौसम ठीक रहेगा तब तो ठीक है लेकिन मौसम के बदलते तेवर को देखते हुए अभी किसानों ने धान को मंडियों में लाना शुरू नहीं किया है। वहीं अभी तक धान खरीद के लिए कोई अधिकारिक तिथि की घोषणा नहीं हुई है। जिसके चलते आने वाले समय में धान की खरीद देरी होती दिखाई दे रही है। ऐसे में यदि धान की खरीद में देरी होती है तो मौसम में बदलाव के चलते किसानों की मुसिबत बढ़ सकती है। अम्बाला आढ़ती यूनियन एसोसिएशन के प्रधान दुनीचंद ने बताया कि सरकार ने अभी तक धान खरीद के लिए सैलर संचालकों के साथ अभी तक कोई भी एग्रीमेंट नहीं किया है। जब तक एग्रीमेंट नहीं होता तब तक मंडी से धान उठान का कार्य शुरू नहीं होगा। इसके साथ ही उन्होंने कमिशन में भी कटौती की बात पर कहा कि सरकार उनके साथ गलत व्यवहार कर रही है।

# श्री बालाजी भक्त मंडल ने खुशी गर्ग को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। जय** श्री बालाजी भक्त मंडल के पदाधिकारीयों ने खुशी गर्ग पुत्री डॉ मनोज गर्ग को राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता अंडर 17 वर्ग में पांच में से सभी पांच गेम जीतकर पहले लेवल पार करके व टॉप 15 खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाने पर सम्मानित किया। मंडल के प्रधान रमेश कुमार सोनी व संगठन मंत्री चेतन प्रकाश गर्ग ने खुशी गर्ग को प्रशस्ति पत्र व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया व बताया कि नारनौल की बेटी खुशी गर्ग ने यह उपलब्धि प्राप्त कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है व



उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खुशी गर्ग ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी ,माता-पिता व गुरुजनों को दिया व बताया कि शतरंज खेलने से दिमाग के सोचने-समझने की क्षमता में वृद्धि होती है। इसके अलावा एक सफल रणनीति बनाने में मदद मिलती है, जिसका उपयोग हम अपने-अपने क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रधान रमेश कुमार सोनी, चेतन प्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ मनोज गर्ग, सीताराम, प्रवीण गुप्ता, नवल गुप्ता, तुलसीदास पिपलानी, योगेश शास्त्री मौजूद रहे।

## सुरक्षा प्रबंध के बीच उन्हें डीसी कार्यालय परिसर में नहीं जाने दिया गया

# उपायुक्त कार्यालय में आशा वर्करों की हुई नो एंट्री

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) विभिन्न** मांगों को लेकर एक बार फिर से आशा वर्कर डीसी कार्यालय पहुंची लेकिन कड़े सुरक्षा प्रबंध के बीच उन्हें डीसी कार्यालय परिसर में नहीं जाने दिया गया तथा वहां मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा गेट बंद कर दिए गए। आशा वर्करों ने अग्रसैन चौंक पर इकटठा होकर रोष मार्च निकालते हुए नारेबाजी की और डीसी कार्यालय में पहुंची। पुलिस सुरक्षा के चलते आशा वर्कर गेट के पास ही इक्ठठी हो गई और सरकार के खिलाफ जम कर नारे बाजी करने लगी। आशा वर्करों का कहना था कि एक तरफ सरकार

**विरोध**
**8 आशा वर्करों ने अग्रसैन चौक पर इकटठा होकर रोष मार्च निकालते हुए नारेबाजी की और डीसी कार्यालय में पहुंची**

उनकी मांग नहीं मान रही और दूसरी ओर उन्हें प्रदर्शन करने से भी रोका जा रहा है जबकि लोकतंत्र में प्रदर्शन करना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। उन्होंनें कहा कि उन्हे प्रशासन की ओर से अभी तक धरने के लिए भी कोई स्थान नहीं दिया गया है।



गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से मांगो को लेकर आशा वर्कर धरने प्रदर्शन कर रही है। इस बीच वे कई बार मंत्रियों व विधायकों के घरों का घेराव भी कर चुकी है लेकिन सरकार ने पुलिस की सहायता से उन्हे अपनी बात रखने से रोका। सीटू नेता सतीश सेठी व रमेश नन्हेड़ा ने कहा कि आशा वर्कर्स को 2005 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत लगाया गया था।
उनको गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु और बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित लगभग 40 काम दिए गए। उन्होंने अपना काम बखूबी किया जिसकी वजह से 2005 में 1000 जीवित जन्म पर 58 शिशुओं की मौत 2023 में कम होकर 26 पर आ गई है। 2005 में एक लाख प्रसव पर 167 मां की मौत हो जाती थी जो 2022 में कम होकर 95 रह गई है। नियमित टीकाकरण 2005 में 27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 90% से ज्यादा हो गया है। संस्थागत प्रसूति 2005 में 43% से बढ़कर 2023 में 99% हो गई है। आशाओं के शानदार काम की बदौलत हासिल की गई इस उपलब्धि को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सराहना की।

# स्मैकिये उड़ाकर ले गए पोल के दरवाजे

## पार्क की हाई मास्ट लाइट का दरवाजा हुआ चोरी, खुली पड़ी बिजली की नंगी तारें






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 से निगम की एक ओर जानलेवा लापरवाही का मामला सामने आया हैं। जहां जे ब्लॉक शकूरपुर स्थित निगम का लव-कुश वाटिका पार्क में निगम द्वारा तैनात कर्मी न होने के चलते पार्क में लगी हाई-मास्ट लाइट का दरवाजा ही असामाजिक तत्व उड़ाकर ले गए और निगम को कानों-कान भनक तक नहीं पड़ी।

अब हाई-मास्ट लाइट की नंगी तारे पोल से बाहर निकल रही हैं, जो कि कभी भी किसी की भी जान ले सकती हैं। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार स्थानीय पार्षद और विधायक से शिकायत करने के बावजूद भी इनके कानों तले जूं तक नहीं रेंगी।

**क्या हैं मामला:** दरअसल मामला शकूरपुर वार्ड-62 का हैं, जहां सालों पहले निगम के इस लव-कुश पार्क में विधायक ने विधायक फंड से पार्क की मरम्मत के अतिरिक्त तिरंगे झंडे के लिए पोल लगवाया था, जिसके कवर नशेड़ियों ने चोरी कर लिए तथा पार्क में रोशनी के लिए हाई-मास्ट लाइट व इस लाइट को कवर करने के लिए लोहे का जालीदार दरवाजा भी लगवाया गया था तथा स्मैकियों द्वारा जालीदार दरवाजा व पोल का कवर भी उखाड़ कर ले गए।

**खुली पड़ी बिजली की नंगी तारें:** हाई-मास्ट लाइट के पोल का कवर और दरवाजा चोरी होने के बाद भी सालों से बिजली की तारे नंगी पडी हुई हैं, जिससे कभी भी पार्क में खेल रहें बच्चों को करंट लग सकता हैं, इतना ही नहीं खतरा तो तब और बढ़ जाता हैं जब बारिश होनी शुरू हो जाती हैं, जब तो लोग इस पार्क में आने से भी डरते हैं। बावजूद इसके संबंधित शासन प्रशासन आंखे मूंदे बैठा हैं।

**सैंकड़ों शिकायत के बाद भी नहीं चेता प्रशासन:** स्थानीय लोगों ने बताया कि मामले में हम लोगों ने अनेकों बार स्थानीय निगम पार्षद किशन बेमाड़ व विधायक से भी शिकायत की थी कि पार्क की हाई-मास्ट लाइट के पोल का कवर चोरी हो गया हैं, और बिजली की तारे नंगी पड़ी हुई हैं, जिससे बच्चें कभी भी करंट की चपेट में आ सकतें हैं। इन सब शिकायत के



बावजूद भी स्थानीय जन-प्रतिनिधि इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं। इससे तो ऐसा प्रतीत होता हैं जैसे कि स्थानीय निगम पार्षद को किसी बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार हो।

# पेंशन बहाली महारैली को जीएसटीए का समर्थन: अजयवीर

## एक अक्टूबर को रामलीला मैदान में फिर से होगा आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**एक अक्टूबर** को एनएमओपीसी द्वारा पुरानी पेंशन बहाली हेतु दिल्ली में कर्मचारी शिक्षकों की एक ऐतिहासिक रैली का आगाज़ होने जा रहा है। दिल्ली शिक्षा विभाग में लगभग छब्बीस हजार पेंशन विहीन है।

कल मौलाना आजाद मैडिकल कॉलेज दिल्ली के परिसर में हजारों की संख्या में आए विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि कर्मचारियों को एकजुट होकर पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए आवाज बुलंद



करनी होगी। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आंदोलन के तहत पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाल करवाने के लिए 1 अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में लाखों कर्मचारी को एकत्रित कर शंखनाद रैली का आयोजन किया जाएगा। देश भर के सभी विभागों के लाखों कर्मचारी एक अक्टूबर को दिल्ली आएंगे और एकजुट होकर केंद्र सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करने पर मजबूर करेंगे। सम्मेलन में दिल्ली प्रभारी अरविंद सिंह सह प्रभारी ललिता अध्यापक, डॉक्टर प्रवीण शर्मा, मनजीत राणा, संरक्षक डी. एन सिंह, प्रभारी जेएमआई जाबिर हसन, प्रभारी एम ए एम सी राकेश कुमार, राघवेंद्र निक्की अन्य विभागों के प्रभारी गुलाब रब्बानी, रवि प्रकाश, नफे सिंह, सुमित राणा, नितिन चौधरी, चमन कुमार, राजकुमार, महावीर शर्मा, रामलाल मेहरिया, मनोहर लाल, सत्यपाल भमर,अनीता शर्मा, ललित यादव, दुर्गा लाल, सुनील कुमार, नवनीत कुमार, ईश्वर सिंह शेखावत, मनीष चौधरी, रजत चौधरी, रोहित कुमार, विनय कुमार सहित अन्य लोगों आंदोलन में शामिल रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन राग्वेश चौहान ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता जीएसटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर छिकारा ने संबोधित किया।

# त्रीनगर : पानी की किल्लत से जूझ रहें हैं शकूरपुर के लोग

## कभी आता हैं गंदा पानी, तो कभी टूटियों से निकलती है हवा...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कहने** को तो त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के तीनो ही वार्ड की गणना पॉश कालोनियों के रूप में की जाती हैं, लेकिन यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, किसी वार्ड में सफाई व्यवस्था लचर पड़ी हैं तो किसी वार्ड के पार्कों में गंदगी का अंबार लगा हुआ हैं। तो वहीं शकूरपुर वार्ड नंबर 62 में पिछलें छः महीनों से लोग पीने के पानी के लिए तरस रहें हैं।

**टूटियों से बाहर निकलती हैं हवा, पानी नहीं:** जब किसी भी राज्य में सरकार बनती हैं तो वह अपने मेनिफेस्टों में मुलभूत



सुविधाओं को मुद्दा बनाकर चुनाव प्रचार में उतरती हैं, दिल्ली में भी दिल्ली की जनता को मुलभूत सुविधाएं देने का वादा किया था, जिसमें की पीने के पानी की समस्या को प्रमुखता दी गई थी।

**क्या कहना हैं स्थानीय लोगों का:** तो वहीं शकूरपुर एल ब्लॉक वाल्मीकि मंदिर के पास रहने वाले तरसेम ने बताया कि पिछले छः माह से शकूरपुर वार्ड के लोग पानी की एक बुंद को भी तरस रहें और कभी-कभी पानी आ भी जाए तो इतना बदबूदार की जो भी पीएगा वह बीमार तो जरूर पडेगा, वहीं दिपेंद्र ने बताया कि पानी दिखने में तो साफ आता हैं, लेकिन पीने के बाद पेट में अचानक से दर्द होने लगता हैं। पानी कि खासा परेशानी ई ब्लॉक, बी ब्लॉक व ए ब्लॉक में रहने वाले लोगों को हो रही हैं। वहीं बी ब्लॉक वासियों ने यह भी बताया की कभी-कभी भुले भटके से पानी आ भी जाए तो दिन में बस टूटियों से हवा ही बाहर आती हैं, पानी तो देर रात आता हैं। ई ब्लॉक में रहने वाले दुकानदार व स्थानीय निवासी हरिशंकर तिवारी ने यह भी बताया कि हमने कई बार क्षेत्रीय विधायक से भी शिकायत की थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकाला और समस्या जस की तस बनी हुई हैं।

# वजीरपुर वार्ड के निगम विद्यालय में लाईब्रेरी की हुई शुरूआत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** वार्ड के अन्तर्गत आने वाले नगर निगम प्राथमिक स्कूल निमडी कॉलोनी में बच्चों के लिए लाइब्रेरी की शुरूआत की गई। इस मौके पर वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी अभिभावको से अपील करती हूं कि सभी अपने बच्चों को रोज स्कूल भेंजे और उनके कार्य प्रतिदिन चेक अवश्य ही करें।

# 22 सितम्बर को जंतर-मंतर पर होगा प्रदर्शन: राहुल प्रजापति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** प्रजापति महासंघ व सहयोगी संस्थाओ के तत्वाधान में 22 सितम्बर को दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। (कुम्हार) प्रजापति समाज व पिछड़ा वर्ग की मांगो को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार प्रजापति के निर्देश अनुसार ऐतिहासिक आंदोलन को लेकर यह बैठक की गई। जिसमें दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल प्रजापति, अजीत प्रजापति, रोहित प्रजापति, सतबीर प्रजापति, सोनू प्रजापति, भगवान, दयाचंद प्रजापति मौजूद रहे। राहुल प्रजापति ने बताया के भारत वर्ष के विभिन्न वर्गो के संख्यानुपात में कई कारणों से परिवर्तन के कारण



जातिवार जनगणना जरूरी है, ताकि विभिन्न योजनाओं और कल्याण कार्यक्रमों को प्रभावी और न्योयोचित्त बनाए रखने के लिए कदम उठाए जा सके। दिल्ली प्रदेश में कुम्हार समाज के विभिन लोग जो मिट्टी के बर्तन बना कर अपने परिवार का गुजर-बसर करते है, उनके लिए दिल्ली प्रदेश में माटी कला बोर्ड का गठन हो जिसके लिए लम्बे समय से प्रयास चल रहा है, लेकिन दिल्ली सरकार ने कोई सुध नहीं ली जबकि माटी कला बोर्ड कुम्हार समाज का एक जन्म सिद्ध अधिकार है। हमारे अधिकारों का हनन किया जा रहा है, माटी कला बोर्ड से कुम्हार समाज को एक नई दिशा मिलेगी, जिससे कुम्हार समाज भी अपना एक खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकेगा। अनुसूचित जाति जनजाति की भांति पिछड़ी अति पिछड़ी जातियों को उनकी संख्या के समानुपात में राजनीती, शिक्षा और प्रशासन भागीदारी दी जाये। राहुल प्रजापति ने आगे बताया के राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ व पिछड़ा वर्ग के सहयोग से एक मांग पत्र तैयार किया गया है जोकि 22 सितंबर को पत्रकारों को दिखाकर दिल्ली सरकार व प्रधानमंत्री राष्ट्रपति को सौंपा जायेगा। 22 सितम्बर को समस्त भारत से लोग दिल्ली जंतर मंतर पर पहुंचेगे और अपनी मांग रखेंगे। और अगर फिर भी दिल्ली सरकार व केंद्र सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई और हमारी मांगे नहीं मानी गई तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर अनशन करने के लिए विचार किया जायेगा।

# शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में गणेश पूजन का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के शालीमार गांव में पहली बार गणेश पूजन का आयोजन किया जा रहा है। सभी लोग गणेश पूजन में शामिल हुए और परिवार सहित मिलकर गणेश पूजन किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर राजकुमार चौधरी, शिवम कुमार, रानी कुमारी, शिवराज कुमार, शिवानी कुमारी, समिति मेंबर पुनीत नागर, अशोक मिश्रा मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरी में आयोजित कथा में भजनों पर जमकर झूमें भक्त






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी इलाके के जे ब्लॉक स्थित पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानंद राधेय जी महाराज ने भक्तों को कथा का महत्व बताया और कहा कि सभी सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करें।

आपको बतादें कि कथा का आयोजन सेवा समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट बृजधाम गोर्वधन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य यजमान प्रेमराज यादव व सुनीता यादव और सेवादार कुंता जी, नीरज यादव, त्रिवेणी यादव सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। आपको बातदें कि यह कथा 24 सितंबर तक आयोजित की जायेगी। कथा में आये हुए भक्तजन जमकर भजनों पर झूमें।

# सेक्टर-12 खेल परिसर में तीरंदाजी मैदान का होगा पुर्नउद्धार: उपायुक्त विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने सोमवार सांय सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां खेलने पहुंचे सभी खिलाड़ियों और उनके परिजनों से बातचीत की और समस्याओं के बारे में जाना। इसके बाद उन्होंने निर्देश दिए कि खेल परिसर के आर्चरी (तीरंदाजी) मैदान का पुर्नउद्धार किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने जिला निर्माण केंद्र को इसकी जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देश दिए कि पूरे मैदान को समतल कर वहां घास लगाई जाए। इसके अलावा तीरंदाजी के पांच नए टारगेट और



चारों तरफ से रेलिंग के ऊपर आठ फीट तक लोहे की चद्दरें लगाई जाएं ताकि बाहरी व्यक्ति अंदर न घुस सकें। शाम करीब छह बजे उपायुक्त विक्रम सिंह सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ एसडीएम परमजीत सिंह चहल भी मौजूद थे। खेल परिसर में पहुंचने के बाद उन्होंने सबसे पहले फुटबॉल ग्राउंड का दौरा किया। यहां उन्होंने निर्देश दिए कि मैदान में मिट्टी का भराव कर इसे नए सिरे से तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि अब बरसात का मौसम खत्म हो चुका है ऐसे में जल्द से जल्द काम शुरू करें ताकि बच्चों को दिक्कत न आए। इसके बाद उन्होंने बास्केटबॉल मैदान का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने निर्देश दिए कि पुराने स्टेडियम के साथ-साथ बास्केटबाल ग्राउंड तक टायलों से पक्का रास्ता बनाया जाए। तत्पश्चात उपायुक्त विक्रम सिंह आर्चरी (तीरंदाजी) नर्सरी में बच्चों से मिलने के लिए पहुंचे। यहां पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय लिया। यहां उनसे खेल व यहां आ रही दिक्कतों के बारे में भी पूछा। इस पर खिलाड़ियों व कोच ने बताया कि मैदान में काफी घास उग आने व मैदान समतल नहीं होने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि पूरे मैदान को समतल करवाया जाए और खेल के लिए पांच नए टारगेट भी उपलब्ध करवाए जाएं। होस्टल में बैड व गद्दों की खरीद भी उन्होंने तुरंत पूरी करने के निर्देश दिए। मैदान में बाहरी व्यक्ति प्रवेश न करें इसके लिए उन्होंने रेलिंग के साथ-साथ लोहे की चद्दरें लगाने के लिए भी कहा। वहीं मैदान में लाईटें लगाने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने इसके बाद इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया और खिलाड़ियों से बातचीत की।

# आगामी चुनाव में खोरी लकड़पुर गाँव के मतदाताओं मत प्रयोग करने का अवसर दिया जाएगा: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** बड़खल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उपमण्डल अधिकारी अमित मान ने बताया कि दिनांक 12 सितंबर को क्षेत्र के सभी सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं सुपरवाईजर तथा खोरी गाँव, लकड़पुर के बीएलओ के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने आगे बताया कि बैठक में खोरी लकड़पुर गाँव जो अवैध जमीन पर बसी हुई थी, जिसे सरकार के निर्देशों की पालना में प्रशासन के द्वारा तोड़ दिया गया है। इस सम्बंधित खोरी लकडपुर गाँव के मतदाता के विषय में गहन

**कैंप का आयोजन**

**8 21 सितंबर को खोरी लकड़पुर गाँव के मतदाताओं के आवेदन के लिए कैम्प का आयोजन**

विचार-विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि खोरी लकड़पुर गांव के मतदाता जो हाउस टू हाउस सर्वे में मौजूद नहीं पाए गए। उन्हें आगामी चुनाव में संबंधित क्षेत्र से मत का प्रयोग करने हेतू एक अवसर दिया जाएगा। इस संबंध में आगामी 21 सितंबर को संबंधित सुपवाईजर/बीएलओ द्वारा खोरी गाँव के प्राथमिक पाठशाला में एक कैम्प का आयोजन किया जाएगा। बड़खल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उप मण्डल अधिकारी अमित मान ने खोरी लकडपुर गाँव के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में वे जहाँ पर भी रहते हैं, वहाँ के साक्ष्य अपने साथ लेकर दिनांक 21.09.2023 को प्रातः 10:30 बजे खोरी गाँव के प्राथमिक पाठशाला में लगने वाले कैम्प में उपस्थित हों और अपने मत हेतू अपना आवेदन प्रस्तुत करें, जिससे कि आपके आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आपके आवेदन को सम्बन्धित क्षेत्र में पंजीकृत करवाया जा सके, ताकि आप आगामी चुनाव में मत का प्रयोग कर सके।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर में धूमधाम से आयोजित हुआ गणेश उत्सव, प्रधान जगदीश भाटिया ने दी सभी को शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**



महारानी वैष्णो देवी मंदिर तिकोना पार्क में श्री गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस शुभ अवसर पर मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई. मंदिर प्रधान जगदीश भाटिया ने श्रद्धालुओं को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं और बधाई दी. इस अवसर पर मंदिर में बैंड बाजे और धूमधाम के साथ श्री गणेश जी का स्वागत किया गया. मंदिर में सुबह 9:00 बजे हवन यज्ञ और आरती का आयोजन किया गया. इस धार्मिक आयोजन के अवसर पर मंदिर संस्थान के चेयरमैन प्रताप भाटिया, फकीरचंद कथूरिया. नेतराम, विनोद पांडे. विमल पुरी. आदित्य, बलजीत, राहुल तथा चिराग मुख्य रूप से उपस्थित थे. प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि गणेश जी की स्थापना के साथ अब प्रतिदिन मंदिर में कीर्तन तथा प्रसाद का वितरण किया जाएगा.24 सितंबर को भजन संध्या और 25 को गणेश जी का विसर्जन किया जाएगा. मंदिर में भजन संध्या और लंगर का आयोजन भी किया जाएगा. भजन संध्या के लिए दिल्ली के सुप्रसिद्ध गायक राजू अनेजा व रवि मनोचा आएंगे और भगवान श्री गणेश का पूजन करने के साथ-साथ माता रानी की भेंट भी गाएंगे. भजन संध्या के पश्चात मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा. प्रध8ान श्री भाटिया ने सभी लोगों को इस धार्मिक आयोजन में आमंत्रित किया है.

### फरीदाबाद में क्राइम ब्रांच प्रभारी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

पुलिस के साथ मुठभेड़ में लूटपाट के आरोपित बबलू उर्फ बलविंदर उर्फ बलराम की गोली लगने से मौत के मामले में थाना धौज पुलिस ने क्राइम ब्रांच प्रभारी राकेश कुमार और उनकी टीम के सदस्यों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। इस बाबत बबलू के पिता रमेश पुत्र देवी राम नंबरदार की ओर से शिकायत दी गई, जिसमें मंगलवार को हत्या का मामला दर्ज कर स्वजन को एफआईआर की प्रति दी।

इसमें मुकदमा नंबर 251, तिथि 19 सितंबर-2023 दर्ज है और आईपीसी की धारा 302, 34 के तहत मामला दर्ज हुआ है। हत्या का मुकदमा दर्ज करने को लेकर सोमवार सुबह पाखल गांव के बारात घर में ग्रामीणों ने पंचायत की थी। इस दौरान सर्वसम्मति से 35 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी की ओर से पंचायत के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय प्रताप सिंह ने फोन से पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य से बात की कर पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की थी। इसके बाद ग्रामीण देर शाम को केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से दिल्ली उनके आवास पर मिले।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनके साथ कोई अन्याय नहीं होगा जो सच्चाई होगी उसी अनुसार कार्रवाई होगी। इधर केंद्रीय राज्य मंत्री से बात करने के बाद ग्रामीण रात को धौज थाने पहुंचे और पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत दी, पर रात को यह मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। पंचायत में विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक नगेंद्र भडाना, जिला परिषद सदस्य हरिंदर भडाना, आम आदमी पार्टी के नेता धर्मबीर भड़ाना, पाली के सरपंच रघवर प्रधान, पाखल के सरपंच वेदपाल, मोहब्बताबाद के सरपंच वीरेंद्र, पावटा के सरपंच बीरू, मांगर से सुक्की सरपंच ने अपनी-अपनी बात रखी थी और सभी की सहमति बनी कि इसमें पुलिस के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किए बिना शव का पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे।पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज होने के बाद ही ग्रामीण शव का अंतिम संस्कार करेंगे। बता दें कि क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम की शनिवार आधी रात के बाद पावटा गांव में लूटपाट के आरोपित बबलू और उसके साथ मौजूद अनूप उर्फ छलिया व अरविंद लाला के साथ मुठभेड़ हुई थी।

## बारिश में मकान की छत, वेयरहाउस की दीवार गिरी

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

सोमवार में मंगलवार को हुई बरसात से धान की तैयार खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा है। तेज बरसात के कारण जहां एक मकान की छत गिर गई वहीं बिजली गिरने के कारण जींद रोड पर वेयरहाउस के गोदाम की दीवार गिर गई। बरसात के कारण धान के खेतों में पानी भर गया और मंडियों में बिकने के लिए पहुंची किसानों की धान पानी में बह गई। बरसात के कारण गांव नरड़ मैं एक मकान की छत गिर गई। छत गिरने से परिवार बाल बाल बच गया।

मकान मालिक शमशेर ने बताया कि दो दिन से लगातार बारिश हो रही है।

# हरियाणा में लगातार बढ़ रहा है आम आदमी पार्टी का कुनबा : अशोक तंवर

**उद्घाटन**

**8 कैम्पनिंग कमेटी के चेयमैन ने किया फरीदाबाद कार्यालय का विधिवत रूप उद्घाटन**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** आम आदमी पार्टी कैम्पनिंग कमेटी के चेयरमैन एवं पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर ने आज फरीदाबाद के सेक्टर-11 में पार्टी के जिला कार्यालय का विधिवत रूप से रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष पंडित राजेंद्र शर्मा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी,



प्रदेश सह सचिव राकेश भड़ाना, ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश मलिक, पलवल जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सहित अनेकों आप कार्यकताओं ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए डा. तंवर ने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ रहा है, आम आदमी पार्टी जनता की समस्याओं की आवाज सडक से लेकर संसद तक उठाने का काम कर रही है। उन्होंने भाजपा-जजपा गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं देने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है, इस सरकार ने लोगों को भ्रष्टाचार व महंगाई की सौगात दी है, इस सरकार में अमीर और अमीर हो रहा है, जबकि गरीब और गरीब हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गरीब, पिछले व दलितों के हकों की लड़ाई लड़ रहे है और जो काम उन्होंने दिल्ली और फिर पंजाब में करके दिखाए है, उसके बाद जनता अब हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि आने वाले नगर निगम चुनावों को लेकर पार्टी पूरी तरह से तैयार है और मेहनती, कर्मठ व शिक्षित उम्मीदवारों को चुनावी समर में उतारकर जनता की सेवा करने का अवसर प्रदान करेगी। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष पंडित राजेंद्र शर्मा व जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने अशोक तंवर को विश्वास दिलाया कि फरीदाबाद में आम आदमी पार्टी का संगठन निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर हो रहा है और विभिन्न पार्टियों के लोग इस पार्टी में आने के लिए उत्साहित है। इस अवसर पर खेमी ठाकुर, मुस्तिकीन, पूर्व पार्षद प्रवेश मेहता, संतोष यादव, विनोद भाटी, हितेश पालटा, जीत सिंह, चौधरी चंद्रपाल, मेहरचंद हरसाना, सतीश चंदीला, नीरज, सतवीर, अजय पांचाल, डाक्टर तुलाराम, धर्मेन्द्र ड्रूषसह, संजय सिंह, मामचंद पवार सहित सैकड़ों आप कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने किया गणेश पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के सैक्टर - 12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर भगवान गणेश चतुर्दशी के उपलक्ष्य मे भगवान गणेश जी प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण कर विधिवत पूजन कर भगवान गणेश को मोदक लड्डू व दूर्वा का भोग लगाया पण्डित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा सनातन धर्म वैदिक परम्परा मे भगवान गणेश जी पूजा प्रथम मानी गई है किसी भी शुभ कार्य के प्रारंभ करने से पहले गणेश वन्दना की



जाती ताकि कार्य निर्विघ्न सम्पूर्ण हो भगवान महादेव व पार्वती के पुत्र गणपति महाराज से सबके कल्याण की प्रार्थना की गई इस अवसर पर पं राजीव पाराशर पं कैलाश पाराशर पं हरीश पाराशर एडवोकेट पं कृष्ण पाराशर एडवोकेट पं करण पाराशर इंजीनियर पं राजेन्द्र मिश्र मुकेश मनोज योगेश बोहरा चरणी परदीप रोहित श्रवण संजय योगेश नितेश रामजीलाल सहित अन्य उपस्थित

## यमुनानगर: हरियाणा में विपक्ष की भूमिका निभा रही है आआपा :छिंदा

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

हरियाणा में आम आदमी पार्टी ही एकमात्र लोगों की आवाज उठा रही है, प्रदेश में चल रहे हर मुद्दे की पुरजोर तरीके से लड़ाई लड़ रही है और पूरे प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभा रही है।

उक्त शब्द आआपा हरियाणा के प्रदेश सह सचिव युवा रघुबीर सिंह छिन्दा ने परिवार जोड़ो अभियान के तहत मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहे। उन्होंने यह भी बताया की आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश के 49 लाख परिवारों से परिवार जोड़ो अभियान के तहत सीधा जुड़ेगी और पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को बताएगी।

## मानव रचना के सेंटर फॉर हेल्थ इनोवेशंस और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से डॉक्टर्स कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** मानव रचना सेंटर फॉर हेल्थ इनोवेशंस (सीएचआई) ने द इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से डॉक्टर कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन नवाचारों के साथ बदलाव लाने के लिए चिकित्सा, इंजीनियरिंग और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों से विशेषज्ञ एक मंच पर एकजुट हुए। कॉन्क्लेव में चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी प्रगति और सहयोगों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में सीएचआई की निदेशक प्रोफेसर डॉ. मनीषा सिंह ने स्वास्थ्य सेवा नवाचार पर विचार साझा किए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नई तकनीकों की जरूरत पर बात करते हुए कहा कि सीएचआई एक सहयोगी मंच है जोकि बेहतर स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने के लिए तमाम विधाओं से जुड़े उद्यमियों को साथ लाने का काम करता है। सीएचआई के अध्यक्ष और उद्योगपति प्रोफेसर डॉ. प्रशांत झा ने सीएचआई के उद्देश्यों और दृष्टिकोण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह सेंटर चिकित्सा पेशेवरों, इंजीनियरों और प्रबंधन से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाकर स्वास्थ्य क्षेत्र में जरूरी बदलावों के लिए कार्यरत है।

उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा उद्योग के लिए रचनात्मक और नवीन समाधानों को बढ़ावा देना है। डॉ. वीणा सिंह ने वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल परिदृश्य पर आधारित तकनीकी प्रगति पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी। उन्होंने रोगियों को बेहतर देखभाल और उपचार प्रदान करने के लिए इन प्रगति से हुए प्रभावों के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम के दौरान आईएमए फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. दिनेश गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की बात कही। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. हर्ष ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल समुदाय के संबंधों को मजबूत करने की दिशा में उठाए जाने बेहद जरूरी है।

# विधायक राजेश नागर ने विकास कार्यों को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** तिगांव के विधायक राजेश नागर ने आज निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास के साथ उनके कार्यालय पर बैठक की। नागर ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में टेंडर हो रखे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करवाएं और अन्य कार्यों के टेंडर करवाएं जिससे कि सरकार का सुशासन जनता तक निर्बाध गति से पहुंच सके। विधायक राजेश नागर ने कहा कि उनके क्षेत्र की पल्ला सेहतपुर में अनेक कॉलोनियों में पानी, सडक, नाली, खडंजे की समस्याएं हैं। यहां चेतन मार्केट रोड से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं लेकिन इसकी खस्ता हालत को देखते हुए



इसे जल्द बनाया जाए। नागर ने इन कॉलोनियों में सीवर की व्यवस्था भी जल्द से जल्द किए जाने की बात कही। नागर ने आयुक्त से कहा कि हाल ही में नगर निगम में शामिल हुए उनके क्षेत्र के अनेक गांवों में सामुदायिक भवनों की जरूरत है। जिन्हें तत्काल प्रभाव से बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके साथ ही इन गांवों में सफाई की व्यवस्था को सुचारू गति दी जाए साथ ही पानी की निकासी और जोहड़ों की सफाई का भी विशेष ध्यान दिया जाए। विधायक नागर ने बताया कि इन गांवों पर अतिरिक्त ध्यान दिए जाने की जरूरत है क्योंकि निगम में आने से पहले यह पंचायतों में शामिल थे। इनकी समस्त व्यवस्था पंचायत करती थी। जहां सरपंच तक उनकी सरल पहुंच थी लेकिन सरकार की मंशा के अनुसार इन गांवों को शहरी घोषित किया गया है। इसलिए नगर निगम की जिम्मेदारी है कि अब हम उन्हें शहरी सुविधाएं भी दें। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आयुक्त हमारे क्षेत्र में चल रहे कार्यों, समस्याओं आदि के लिए नियमित दौरा करें। जिससे कि उन्हें वस्तुस्थिति के बारे में पता चल सके। जिस पर आयुक्त ने नियमित दौरे की बात कही।

# डोमिनेशन अभियान के दौरान पुलिस ने चेक किए 4342 वाहन

**गिरफ्तार**

**8 207 लोगों के पर्चा अजनबी काटे गए व 6 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देश एवं पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के आदेशानुसार पुलिस कमिश्नरेट फरीदाबाद द्वारा 10 बजे रात्री से 4 बजे प्रातः नाईट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नर द्वारा नाइट



डोमिनेशन के दौरान रात के समय चलने वाले सभी वाहनों की चेकिंग करने तथा किसी भी संदिग्ध और अपराधी किस्म के व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे जिसके तहत कार्रवाई करते हुए सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों सभी क्राईम ब्रांच एंव सभी थाना प्रबन्धक, सभी चौकी प्रभारियों ने नाका लगाकर वाहनों को व संदिग्ध व्यक्तियों को अपने-अपने एरिया में चेक किया और अपने-2 क्षेत्रो में पड़ने वाले बस अडडा, रेलवे स्टेशन व सार्वजनिक स्थानों सहित 231 स्थानों को चेक किया गया। 207 लोगों के पर्चा अजनबी काटे गए व 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। फरीदाबाद पुलिस द्वारा नाईट डोमिनेशन के दौरान कुल 4342 छोटे-बडे वाहनो को चैक किया गया। जिसमें 1457 टू व्हीलर, 1011 चौपहिया व 1196 लाइट व्हीकल और 678 हैवी व्हीकल चेक किए गये। चेकिंग के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट व अन्य कानून के तहत 153 हलके व भारी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। और 125 वाहन चालको के चालान किए गए, 18 वाहनों को इंपाउंड तथा 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# विपुल गोयल पहुँचे साहूपुरा गाँव के सिद्ध कुटी बिंदास बाबा मंदिर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

फरीदाबाद के साहुपुरा गांव के प्रसिद्ध मंदिर सिद्ध कुटी बिंदास बाबा मंदिर में आयोजित भंडारे के कार्यक्रम में पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने शिरकत की। पूर्व मंत्री ने मंदिर में पहुँचकर मंदिर के महंत शान्ति दास महाराज से आशीर्वाद लिया और सभी क्षेत्रवासियो के लिए मंगल कामना की व उसके बाद प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर पहुँचे पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा की साहूपुरा गाँव मेरा अपना गाँव है और गाँव के



छोटे बच्चे से लेकर बड़े तक को जब भी विपुल गोयल की जरूरत पड़े तो विपुल गोयल साहूपुरा गाँव-बस्ती के लिए हमेशा हाज़िर है जिसपर गांव से सभी लोगों ने पूर्व मंत्री का तालियां बजाकर स्वागत किया और कही बात का समर्थन दिया। इस मोके पर विपुल गोयल ने गाँव साहूपुरा से दो बच्चो का अग्निवीर भर्ती में सिलेक्शन होने पर बधाई दी व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

# श्मशान भूमि सुधार समिति की नई कार्यकारिणी गठित

## पवन गोयल बने प्रधान, सुनील खन्ना महासचिव और परमानंद सिंघल निभाएंगे कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आदर्श** नगर विधानसभा के सबसे बड़े श्मशान घाट का संचालन करने वाली समिति, श्मशान भूमि सुधार समिति की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन हो गया है। कार्यकारिणी में प्रधान पद के लिए पवन गोयल को चुना गया है तो वहीं सुनील खन्ना को महासचिव, नरेश टंडन को मुख्य संरक्षक और परमानंद सिंघल को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी गई है। नवनियुक्त कार्यकारिणी ने एक सुर में श्मशान भूमि सुधार समिति के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर बल दिया। पिछले 50 वर्षों से आजादपुर श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार क्रियाकर्म के लिए समिति द्वारा पूर्ण व्यवस्था की गई है।

**वर्ष 2011 में हुई थी कार्यकारिणी गठित:** 12 वर्ष पूर्व श्मशान भूमि सुधार समिति की कार्यकारिणी गठित हुई थी। स्वर्गीय सुरेंद्र कोहली के नेतृत्व में कार्यकारिणी ने श्मशान भूमि सुधार समिति की बेहतरी के लिए कई निर्णायक फैसले लिए। इन 12 वर्षों में श्मशान भूमि सुधार समिति ने श्मशान भूमि में अनगिनत विकास कार्य करवाये जिसकी आज भी मिसाल दी जाती है।

**सुरेंद्र कोहली का हुआ परलोकगमन, नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन:** इसी बीच श्मशान भूमि सुधार समिति के प्रधान सुरेंद्र कोहली का परलोकगमन हो गया, जिस कारण श्मशान भूमि सुधार समिति की नई कार्यकारिणी गठित करने का फैसला लिया गया।

**श्मशान भूमि सुधार समिति ने विकास कार्यों की लगाई झड़ी:** तत्कालीन प्रधान स्व. सुरेंद्र कोहली के कुशल नेतृत्व में श्मशान भूमि सुधार समिति के पदाधिकारियों ने अनगिनत विकास कार्य करवाए। श्मशान भूमि में टाईल्स लगवाने के साथ साथ पूर्व मंत्री रहे मंगत राम सिंघल ने फंड पास करवाकर हॉल बनवाया। चिताओं के चारों तरफ ग्रेनाइट पत्थर लगवाए गए। वहीं, विधायक पवन शर्मा के सहयोग से नये चिता स्थल बनवाए गए।

**नवीन त्यागी के सहयोग से सुरेंद्र कोहली ने लगवाए 5000 पौधे:** तत्कालीन प्रधान स्व. सुरेंद्र कोहली ने पूर्व सिविल लाईन जोन चेयरमैन नवीन त्यागी के सहयोग से श्मशान भूमि सुधार समिति के अंतर्गत श्मशान भूमि में 5000 पौधे लगवाए, जिसकी आज भी प्रशंसा की जाती है।

**छोटे बच्चों को दफनाने की व्यवस्था से लैस है श्मशान भूमि:** श्मशान भूमि सुधार समिति के महासचिव सुनील खन्ना ने बताया कि इस श्मशान भूमि की खास बात यह है कि छोटे बच्चों को दफनाने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। छोटे बच्चों को दफनाने के लिए भूमि उपलब्ध कराती है।

**साफ-सफाई की रहती है विशेष व्यवस्था:** श्मशान भूमि में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था रहती है। दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल का इसमें खासा सहयोग रहा है और समय-समय पर अपने नेतृत्व में सफाई अभियान का जायजा लेते रहते हैं।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है श्मशान भूमि:** श्मशान भूमि आधुनिक सुविधाओं से लैस है। 6 शव डीप फ्रीजर, 4 शव एंबुलेंस के साथ-साथ बिजली, पानी की उत्तम व्यवस्था है।

**नई कार्यकारिणी विकास कार्यों को पहनाएगी अमलीजामा:** नई कार्यकारिणी ने एक सुर में कहा कि श्मशान भूमि सुधार समिति के सभी सदस्य श्मशान भूमि में विकास कार्यों को नए स्तर पर ले जाने के हर संभव प्रयास करेंगे। आने वाले दिनों में विकास कार्यों को लेकर बैठक कर सामाजिक चर्चा भी की जाएगी।




**पवन गोयल, प्रधान:** नई कार्यकारिणी गठित हुई है। सभी सदस्य अपने-अपने पद के अनुसार भली-भांति अपनी जिम्मेवारी का दायित्व निभाएंगे।



**सुनील खन्ना, महासचिव:** श्मशान भूमि सुधार समिति के सदस्य आपसी सहमति से नई कार्यकारिणि का गठन किया गया है जो विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाएगी।



**परनानंद सिंघल, कोषाध्यक्ष:** श्मशान भूमि सुधार समिति के सभी सदस्यों जिम्मेवारी पूर्वक अपना दायित्व निभाएंगे और विकास कार्यों को लेकर चर्चा का दौर शुरू हो चुका है।



# छत्तीसगढ़ में सनातन संस्कृति के खिलाफ रचा जा रहा षडयंत्र: हिमंता बिस्वा सरमा

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

**छत्तीसगढ़** में भाजपा ने मंगलवार को सूरजपुर जिले में भाजपा ने परिवर्तन यात्रा निकाली। जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा भी शामिल हुए। उन्होंने सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा अंतर्गत भैयाथान में परिवर्तन यात्रा की आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी अगर राम लला के दर्शन करने अयोध्या जाते हैं तो हम मान लेंगे कि वह हिंदू है। हेमंत बिस्व सरमा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सनातन संस्कृति के खिलाफ षडयंत्र रचा जा रहा है।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में दोबारा कमल खिलेगा, यहां भाजपा की सरकार बनेगी। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिया गठबंधन के एक मुख्यमंत्री के बेटे तमिलनाडु में सनातन धर्म की



तुलना बीमारियों से करते हैं तो कांग्रेस के एक अन्य मुख्यमंत्री हिंदू धर्म को गंभीर बीमारी बताते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे कहते हैं कि हिंदू धर्म को दुनिया से खत्म हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म 5 हजार साल पहले से भारत में है। जब तक चांद और सूरज रहेगा, तब तक हिंदू धर्म रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमारे धर्म का सर्वनाश करने के लिए पूरे देश में षडयंत्र किया। बांग्लादेशियों के लिए देश की सीमाएं खोल दी गईं।असम में लाखों बांग्लादेशी बसे हुए हैं।छत्तीसगढ़ में रोहिंग्या आने शुरू हुए हैं। एक बार जब रोहिंग्या आते हैं, तो फिर थमते नहीं हैं, बल्कि भरते जाते हैं।भूपेश बघेल जब से छत्तीसगढ़ के सीएम बने हैं, यहां रोहिंग्या का आना एक बड़ी समस्या बन चुका है।

# 'नई संसद किसी की व्यक्तिगत पूंजी नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

लोकसभा में मंगलवार को नई संसद की कार्यवाही के पहले दिन कांग्रेस पार्टी के सदन के नेता अधीर रंजन चौधरी ने उपाध्यक्ष का पद खाली होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री के भाषण के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि नई संसद किसी की व्यक्तिगत पूंजी नहीं है। इस दौरान उन्होंने हिन्दुत्व की राजनीति पर सवाल उठाए। इंडिया बनाम भारत की बहस और हिन्दीत्व यानी हिन्दी को अधिक तरजीह देने के मुद्दे उठाए। चौधरी ने कहा कि 1989 में पहली बार स्थानीय निकायों में महिलाओं को समान भागीदारी का विधेयक कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार लाई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कई बार महिला आरक्षण विधेयक को लाने का प्रयास किया। विधेयक कभी एक सदन तो कभी दूसरे सदन में पारित हुआ लेकिन हैसियत के अभाव में विधेयक पारित नहीं करा पाए। इस पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा से कभी पारित नहीं हुआ है। 2014 में लोकसभा के भंग होकर नई लोकसभा बनने के बाद विधेयक अपने आप ही निरस्त हो चुका है।




**टिप्पणी** — हर समय देश के हितों और चिंताओं को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए

# 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी तरह का समझौता ना हो'

**देश की अखंडता**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत द्वारा** मंगलवार को खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडाई सरकार के बेतुके आरोपों को खारिज करने के कुछ घंटों बाद कांग्रेस की ओर से प्रतिक्रिया आई है। दरअसल, कांग्रेस ने कहा कि उसका मानना है कि आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई समझौता हीन होनी चाहिए और हर समय देश के हितों और चिंताओं को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया है कि जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत शामिल है। हालांकि, भारत ने इस आरोपों से इनकार कर दिया है और ट्रूडो को करारा जवाब



दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, "भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हमेशा मानना रहा है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश की लड़ाई समझौता नहीं होना चाहिए, खासकर तब जब आतंकवाद से भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा हो।" उन्होंने कहा, "हमारे देश के हितों और चिंताओं को हर समय सर्वोपरि रखा जाना चाहिए।" कांग्रेस की टिप्पणी भारत द्वारा मंगलवार को कनाडाई सरकार के बेतुके आरोपों को खारिज करने के बाद आई है। कनाडा के साथ भारत के

> 8 हमारे देश के हितों और चिंताओं को हर समय सर्वोपरि रखा जाना चाहिए: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश

संबंधों में मंगलवार को उस समय खींचतान देखी गई, जब कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया। हत्या में भारत की कथित संलिप्तता के लिए कनाडा ने भारतीय राजनयिक को भी निष्कासित कर दिया है। कनाडा में खालिस्तानी जनमत संग्रह का नेतृत्व कर रहे निज्जर की 18 जून को सरे के गुरु नानक सिख गुरुद्वारे की पार्किंग में दो लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।